फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 24, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 19 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### कांग्रेस फैसला ले, भाजपा 100 पर सिमटेगी: नीतीश, विपक्षी एकता पर कांग्रेस को दी सलाह, खुर्शीद बोले- पहले आई लव यू कौन कहेगा

# मोदी को हराने के लिए नीतीश बेताब !

**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में भाकपा-माले द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कन्वेंशन में शामिल हुए।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाकपा-माले का 11वां राष्ट्रीय महाधिवेशन हो रहा है। हमलोगों ने कहा है कि 10 लाख लोगों को नौकरी देंगे तथा 10 लाख लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे। सीएम ने कहा कि हर तबके और हर इलाके के विकास में हमलोग लगे हुए हैं। महिलाएं, अनुसूचित जाति- अनुसूचित जनजाति सहित सभी धर्मों एवं सभी वर्गों के विकास के लिए हमलोग काम कर रहे हैं। समाधान यात्रा के दौरान सभी लोगों ने खुशी जाहिर की है। हमने राजग छोड़ने का जो फैसला किया, उससे भी लोग खुश थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी देश में बुरा हाल है वे लोग अपने लिए काम कर रहे हैं लोगों के लिए कोई काम नहीं कर रहे हैं। सिर्फ अपना प्रचार प्रसार कर रहे हैं। आजादी की लड़ाई में जिन लोगों ने अपना योगदान दिया उसको भी भुलाने के कोशिश की जा रही है। जिनको आजादी की लड़ाई से कोई लेना-देना नहीं है वो नया-नया इतिहास पैदा कर रहे हैं। अपनी प्रशंसा में दिन रात लगे हुए हैं। हमलोग सभी धर्म के लोगों को एकजुट होकर रहना है। सबको सचेत रहना है। कांग्रेस पार्टी के नेता भी यहां उपस्थित हैं हम उनसे आग्रह करेंगे कि सभी विपक्षी दलों को एकजुट करें। हम सभी एकजुट होंगे तो 2024 के चुनाव में हमें सफलता मिलेगी और वे 100 सीटों से भी नीचे चले जाएंगे। जो नई सरकार बनेगी वो देशहित में बेहतर काम करेगी। सीएम ने कहा कि हम सबको मिल जुलकर काम करना है। समाज एकजुटता रखनी है। देश को और आगे ले जाना है। विपक्षी एकता जरुरी है। हमारी इसमें व्यक्तिगत कोई इच्छा नहीं है। सिर्फ हम चाहते हैं कि सभी एकजुट होकर रहें। देश आगे बढ़े। जब तक हम हैं आपलोगों का पूरा सहयोग करते रहेंगे।




## विपक्षी एकता का मैसेज दे रहे हैं नीतीश

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने पिछले दिनों विपक्षी एकता को एकजुट करने की कवायद शुरू की थी। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस के बिना भाजपा को हराया नहीं जा सकता है। इसके लिए कांग्रेस को अपनी विपक्षी एकता में शामिल करना ही होगा। कुछ लोगों ने सहमति जताई तो कुछ लोगों ने असहमति जताई थी। पिछले साल लालू यादव के साथ नीतीश कुमार मिलने कांग्रेस सुप्रीमो सोनिया गांधी से मिलने दिल्ली गए थे, लेकिन सोनिया गांधी से मुलाकात नहीं हुई थी। तब ये कयास लगाई जाने लगी कि नीतीश कुमार के फामूर्ला से कांग्रेस सहमत नहीं है।

नीतीश कुमार का क्या है फार्मूला

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का फामूर्ला यह है कि चुनाव से पहले प्रधानमंत्री पद को लेकर कोई भी विवाद नहीं होना चाहिए। किसी एक चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल बस इस उद्देश्य से चुनाव लड़े कि भाजपा को हराना है और जब भाजपा हार जाएगी और विपक्षी एकता जीत जाएगी तो मिल बैठकर प्रधानमंत्री के चेहरे का फैसला कर लिया जाएगा।

**बस आपके फैसले का इंतजार है..:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाकपा-माले के मंच से कहा कि विपक्ष एकता की कवायद चल रही है। आप लोगों के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। कई पार्टियां एकजुट होने के लिए तैयार हैं। बस आपके फैसले का इंतजार है।

## आलाकमान तक मैसेज देंगे: सलमान खुर्शीद

**कांग्रेस** के पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने नीतीश कुमार को जवाब देते हुए कहा कि हम आपकी बात को आलाकमान तक पहुंचा देंगे, मैं एक वकील हूं, आपकी वकालत कर दूंगा।

दीपंकर ने भी नीतीश की बातों में जताई सहमति: भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि आज देश में संविधान खतरे में है। ऐसे ऐसे में देश में जितनी विपक्षी पार्टियां हैं, उन सभी को एकजुट होना होगा और समय बहुत कम है। 2024 के चुनाव से पहले विपक्ष की एकता जरूरी है।

भाजपा मनुस्मृति की थ्योरी को संविधान बनाना चाहती है: तेजस्वी

डिप्टी सीएम तेजस्वी ने कहा कि भाजपा मंदिर, मस्जिद, गाय की चर्चा करती रहती। नफरत की राजनीति फैलाने वाले लोग यह जान लें कि देश किसी के बाप का नहीं, जो मुसलमानों से वोटिंग का अधिकार छीन लें। भाजपा और आरएसएस मनुस्मृति और गोलवलकर की थ्योरी को संविधान बनाना चाहती, लेकिन देश की जनता इसे कभी पूरा नहीं होने देगी। उन्होंने मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर कहा कि हम सभी कांग्रेस का इंतजार कर रहे हैं।

देश के हित में सोचेंगे तो आपको ही फायदा होगा और दोस्त को भी फायदा होगा। नीतीश कुमार ने कांग्रेस से कहा कि हमको कुछ नहीं चाहिए। हम चाहते हैं सभी एकजुट होकर 2024 में भाजपा का सामना करें। हम पहले भी साथ चल रहे थे, आगे भी साथ चलेंगे। सलमान खुर्शीद सामने बैठे हैं।

# कुछ चीजों पर जीएसटी दरें घटेंगी: वित्त मंत्री

### जीएसटी परिषद की बैठक में तरल गुड़ और पेंसिल शार्पनर पर जीएसटी दर घटाने का हुआ फैसला

**नई दिल्ली: वस्तु** एवं सेवा कर (जीएसटी) के शीर्ष निकाय जीएसटी परिषद की 49वीं बैठक में राज्यों का 5 साल का पूरा बकाया जीएसटी मुआवजा जारी करने सहित कुछ चीजों पर जीएसटी दर घटाने का भी फैसला लिया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैठक के बाद आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में यह ऐलान किया। वित्त मंत्री ने शनिवार को जीएसटी परिषद की 49वीं बैठक खत्म होने के बाद यहां नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि राज्यों को जून के 16,982 करोड़ रुपये समेत जीएसटी क्षतिपूर्ति की सारी बकाया राशि का जल्द भुगतान कर दिया जाएगा। जीएसटी परिषद ने नियत तिथि के बाद वार्षिक जीएसटी रिटर्न भरने पर विलंब शुल्क को युक्तिसंगत बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि जीएसटी परिषद ने तरल गुड़, पेंसिल शार्पनर और चुनिंदा ट्रैकिंग उपकरणों पर जीएसटी की मौजूदा दर में कटौती करने का फैसला किया है।




## नागालैंड की जनता से किए वादों को नहीं पूरा कर पाई मोदी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नागालैंड की जनता से किए वादों को मोदी सरकार पूरा नहीं कर पाई है। इस कारण राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की पराजय तय है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि वर्ष 2018 के नागालैंड चुनावों के लिए पीएम मोदी का नारा समाधान के लिए चुनाव था। इन वादों को मोदी सरकार पूरी तरह से भूल गई थी। अब इस वर्ष के विधानसभा चुनाव में भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है। उल्लेखनीय है।

# आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद में आई 80 फीसदी कमी: शाह




**नागपुर:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दावा किया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में कश्मीर में आतंकवाद, पूर्वोत्तर में वामपंथी उग्रवाद से हिंसा में अस्सी फीसदी तक की कमी आई है। शाह नागपुर में एक मराठी अखबार की स्वर्ण जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**'अगले पच्चीस वर्षों में सभी क्षेत्रों में शीर्ष पर पहुंचेगा भारत':** 'अमृतकाल' के तीन बड़े उद्देश्यों को बताते हुए शाह ने कहा कि पहला उद्देश्य वर्तमान पीढ़ी के सामने स्वाधीनता सेनानियों के बलिदान को दिखाना है। दूसरा उद्देश्य पिछले 75 वर्षों में देश द्वारा की गई प्रगति को लोगों के सामने लाना है, जबकि तीसरा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत अगले 25 वर्षों में सभी क्षेत्रों में शीर्ष पर पहुंच जाए।

**'कश्मीर में आतंकवाद, पूर्वोत्तर में उग्रवाद से हिंसा में आई कमी':** उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर में उग्रवाद और वामपंथी उग्रवाद से हिंसा में 80 प्रतिशत की कमी आई है। मोदी सरकार से पहले देश को कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी चरमपंथ के चलते आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। शाह ने कहा, "आज, मैं कह सकता हूं कि मोदी सरकार के तहत कश्मीर में आतंकवाद, पूर्वोत्तर में उग्रवाद और वामपंथी उग्रवाद से हिंसा में 80 प्रतिशत की कमी आई है।"

**'पिछले तीन वर्षों में कश्मीर में हुआ 12 हजार करोड़ का निवेश':** गृहमंत्री शाह ने कहा, कश्मीर घाटी में एक साल में करीब 1.8 करोड़ पर्यटक आए, जो की बड़ी बात है।

# 4जी/5जी तकनीक से बजेगा भारत का डंका: दूरसंचार मंत्री



**नई दिल्ली:** केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत ने स्वदेशी 4जी/5जी तकनीक के साथ अपनी ताकत साबित की है। उन्होंने कहा कि अगले तीन वर्षों में भारत दुनिया में एक प्रमुख दूरसंचार तकनीक निर्यातक के रूप में उभरने के लिए तैयार है। 5जी सेवाओं को 1 अक्टूबर, 2022 को लॉन्च किया गया था और 100 दिनों के भीतर 200 से अधिक शहरों में शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तेजी से किए जाने वाले रोलआउट की वैश्विक स्तर पर सराहना की गई है। कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसे 'दुनिया में कहीं भी सबसे तेज 5जी की शुरूआत कही गई है।

**तकनीक में सुपर पावर बनेगा भारत:** वैष्णव ने भुगतान, स्वास्थ्य सेवा और पहचान सत्यापन जैसी बेसिक चीजों में तकनीक के इस्तेमाल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तकनीक के दम पर हम दुनिया की किसी भी बड़ी समस्या को हल कर सकते हैं। वैष्णव ने कहा कि भारत अगले तीन वर्षों में दुनिया के लिए एक दूरसंचार प्रौद्योगिकी निर्यातक के रूप में उभरने के लिए तैयार है।

**दूरसंचार प्रौद्योगिकी की अगुवाई करेगा भारत:** वैष्णव ने कहा कि अब दो भारतीय कंपनियां हैं, जो दुनिया को टेलीकॉम गियर निर्यात कर रही हैं। आने वाले तीन सालों में, हम भारत को दुनिया में एक प्रमुख दूरसंचार प्रौद्योगिकी निर्यातक के रूप में देखेंगे। उन्होंने भारत द्वारा स्वदेशी 4जी और 5जी प्रौद्योगिकी को विकसित करने में तेजी से उठाए गए कदमों की बात की। यह ऐसी उपलब्धि है, जिसने दुनिया का ध्यान खींचा।

### विदेश मंत्री ने कहा- उन्हें लगता है दुनिया उनके हिसाब से चले.. हम उन देशों में नहीं

# जॉर्ज सोरोस बूढ़े, जिद्दी और खतरनाक: एस जयशंकर

**सिडनी:** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के बिलेनियर कारोबारी जॉर्ज सोरोस को बूढ़ा, अमीर, जिद्दी और खतरनाक बताया है। सोरोस ने पिछले दिनों पीएम नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। कहा था कि वे लोकतंत्रिक देश के नेता हैं, लेकिन खुद लोकतांत्रिक नहीं हैं। वो मुसलमानों के साथ हिंसा कर तेजी से बड़े नेता बने हैं। जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सोरोस के बयानों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को लगता है कि अगर उनकी पसंद का व्यक्ति चुनाव जीतता है, तो वो चुनाव अच्छा था, लेकिन अगर नतीजा कुछ और निकले तो वो देश के लोकतंत्र में खामियां ढूंढ़ने लगते हैं। वो चाहते हैं कि दुनिया उनके हिसाब से चले।



**हमारा लोकतंत्र ऐसा नहीं:** जयशंकर ने कहा, "हमारे लोकतंत्र में लोग बढ़चढ़ कर चुनाव में हिस्सा लेता हैं जो अभूतपूर्व है, हमारे चुनाव नतीजे पर पहुंचते हैं। चुनाव की प्रक्रिया पर सवाल नहीं उठते हैं। हम उन देशों में से नहीं हैं जहां चुनाव के बाद अदालत में मध्यस्थता कराई जाती है"।

**जॉर्ज सोरोस ने भारत और रूस के संबंधों पर भी सवाल उठाए थे:** म्यूनिख सिक्योरिटी काउंसिल की मीटिंग में बोलते हुए अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस ने कहा था कि भारत क्वाड का मेंबर है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान भी उसके साथ हैं।

इसके बावजूद भारत रूस से बड़े डिस्काउंट पर तेल खरीदकर मुनाफा कमा रहा है।

# दक्षिण अफ्रीका से भारत पहुंचे 12 चीते

**श्योपुर:** दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 12 चीते शनिवार को ग्वालियर होते हुए कूनो नेशनल पार्क पहुंच गए। उन्हें वायु सेना के विशेष विमान सी-17 ग्लोब मास्टर से ग्वालियर एयरपोर्ट लाया गया और यहां से वायुसेना के तीन चिनूक हेलीकाप्टर से उन्हें कूनो नेशनल पार्क ले जाया गया। यहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने चीतों को कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा। चीता परियोजना प्रमुख एसपी यादव ने बताया कि शुक्रवार रात 8.30 बजे 12 चीतों ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग एयरपोर्ट से वायु सेना के सी-17 ग्लोब मास्टर ने उड़ान भरी थी और यह विमान शनिवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे ग्वालियर के राजमाता सिंधिया एयरपोर्ट पहुंचा। इसके बाद यहां से तीन चिनूक हेलीकाप्टर से चीतों को लेकर कूनों नेशनल पार्क लाया गया। यहां पहले मुख्यमंत्री चौहान ने एक चीते को बाड़े में छोड़ा। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी चीता छोड़ा। इसके बाद वन विभाग के अधिकारियों ने भी एक के बाद एक चीतों को बाड़े में छोड़ा। इन 12 चीतों में सात नर और पांच मादा हैं। चीतों को बाड़े में निर्धारित समय से करीब एक घंटे की देरी से छोड़ा गया।

# गली-गली जाकर बताओ- चुनाव चिह्न चोरी हो गया: उद्धव

**गली-गली जाकर बताओ- चुनाव चिह्न चोरी हो गया:** उद्धव

**मुंबई:** उद्धव ठाकरे ने शनिवार को अपने समर्थकों से कहा कि गली-गली में जाकर लोगों को बताइये कि पार्टी का चुनाव चिह्न 'तीर-कमान' चोरी हो गया है। सीएम एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि चोर को सबक सिखाने की जरूरत है। वह पकड़ा गया है। मैं चोर को तीर-कमान लेकर मैदान में आने की चुनौती देता हूं और हम एक जलती हुई मशाल से उसका मुकाबला करेंगे। उद्धव ने कहा पीएम को लगता है वो शिवसेना को खत्म कर देंगे। शिवसेना कभी खत्म नहीं होगी। चुनाव आयोग पीएम का गुलाम है। आयोग ने वो किया है जो पहले कभी नहीं हुआ। उन्हें बाला साहेब ठाकरे का चेहरा चाहिए, उन्हें चुनाव चिन्ह चाहिए, लेकिन शिवसेना का परिवार नहीं। पीएम मोदी को महाराष्ट्र आने के लिए बाला साहेब ठाकरे के मास्क की जरूरत है, लेकिन राज्य के लोग जानते हैं कौन सा चेहरा असली है और कौन नहीं। मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि अगर वे मर्द हैं तो चोरी का धनुष-बाण लेकर भी हमारे सामने आओ, हम मशाल लेकर चुनाव लड़ेंगे। यह हमारी परीक्षा है, लड़ाई शुरू हो गई है।




उन्होंने अपने समर्थकों से धैर्य रखने और अगले चुनावों की तैयारी करने को कहा। ठाकरे यहां बांद्रा स्थित अपने आवास मातोश्री के बाहर पार्टी नेताओं की बैठक की अध्यक्षता करने से पहले अपने समर्थकों को संबोधित कर रहे थे। बड़ी संख्या में ठाकरे के समर्थक मातोश्री के बाहर जमा हुए और एकनाथ शिंदे के खिलाफ और ठाकरे के समर्थन में नारे लगाए।

**पवार की उद्धव को सलाह- फैसला स्वीकारें, नया सिंबल लें:** एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने उद्धव को सलाह दी है कि चुनाव आयोग के फैसले को स्वीकार कर लें। शुक्रवार को इलेक्शन कमीशन ने एकनाथ शिंदे गुट को असली शिवसेना बताया था। एउ ने शिंदे गुट को शिवसेना का नाम और तीर-कमान का निशान इस्तेमाल करने की इजाजत दी थी।

### सतत 44 घंटे चलेगा दर्शन का सिलसिला

# भगवान महाकाल के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

**उज्जैन:** देशभर में शनिवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में इस मौके पर अलसुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। यहां दोपहर तक हजारों श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन कर पूजन-अर्चन का लाभ ले चुके हैं और यह सिलसिला रविवार देर रात सतत 44 घंटे जारी रहेगा। जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन समिति ने यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। लोगों को दर्शन में परेशानी न हो, इसके लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। महाशिवरात्रि महापर्व पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी देर रात 2:30 बजे महाकालेश्वर मंदिर के पट खोल दिए गए थे। इसके बाद भगवान महाकाल की भस्म आरती की गई। शनिवार तड़के 4.00 बजे से आम भक्तों को मंदिर में प्रवेश शुरू हुआ। यहां रविवार की रात 11 बजे मंदिर के पट बंद होने तक सतत 44 घंटे दर्शन का सिलसिला चलेगा। इस दौरान चार प्रहर भगवान महाकाल की पूजा अर्चना की जाएगी।



पट खुलने से पहले ही रात से दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की कतार लग गई थी। जैसे-जैसे समय बीतता जा रहा है, दर्शनों के लिए भक्तों की कतार भी लगातार बढ़ती जा रही है।

यहां कर्कराज मंदिर पार्किंग के सामने गंगोत्री गार्डन से मंदिर में प्रवेश के लिए द्वार निर्धारित है। यहां से श्रद्धालुओं को चारधाम मंदिर के सामने जिगजेग से त्रिवेणी संग्रहालय, महाकाल महालोक होते हुए मान सरोवर गेट से मंदिर में प्रवेश दिया जा रहा है।

# दिल्ली टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की पकड़ मजबूत

### 62 रन की बढ़त हासिल की, 9 विकेट बाकी; भारत की पहली पारी 262 पर सिमटी

**नई दिल्ली:** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 1 रन की बढ़त लेने के बाद दूसरे दिन स्टंप्स तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 61 रन बना लिए हैं। ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन नाबाद हैं। मेहमानों की कुल बढ़त 62 रन पहुंच चुकी है। इससे पहले, भारतीय टीम पहली पारी में 262 रन पर ऑलआउट हो गई। एक समय भारतीय टीम 139 रन के स्कोर पर 7 विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद अक्षर पटेल (74) और रविचंद्रन अश्विन (37) ने 8वें विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी कर भारत को मुकाबले में वापस ला दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 263 रन बनाए थे।




**केएल राहुल फिर फेल:** दिल्ली के अरुण जेटली मैदान पर शनिवार को मुकाबले के दूसरे दिन भारत ने 21/0 के स्कोर से दूसरे दिन की शुरूआत की।

# महाशिवरात्रि पर्व लालापुर के मनकामेश्वर धाम में शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक





अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को भगवान शिव की आराधना,तपस्या और श्रद्धा से महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। महाशिवरात्रि पर उपवास और पूजा से भगवान शिव को प्रसन्न किया जाता है। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का अभिषेक करने का विशेष महत्व होता है। इसी क्रम में लालापुर के मनकामेश्वर मंदिर में शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व पर 04 बजे भोर से ही शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की।माना जाता है कि इसी दिन भगवान शिव और पार्वती का विवाह हुआ था। शास्त्रों की माने तों महाशिवरात्रि की रात ही भगवान शिव करोड़ों सूर्यों के समान प्रभाव वाले ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रकट हुए थे। इसके बाद से हर साल फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है।प्रयागराज शहर से लगभग 40 किमी० दक्षिण पश्चिम छोर पर विराजमान भगवान भूतेश का शिवलिंग भक्ति का अद्भुत संगम है।यमुना नदी के किनारे पहाड़ की चोटी पर विराजमान भगवान शिव का दर्शन पूजन करने के लिए दूर दूर से भक्त आते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण करतें हैं।कहा जाता है कि भगवान राम ने वनगमन के समय मनकामेश्वर शिवलिंग की स्थापना की थी।लालापुर के मनकामेश्वर धाम में हर भक्त की मनोकामना पूर्ण होती है।पहाड़ के चोटी पर विराजमान भगवान भूतेश का शिवलिंग भक्ति का अद्भुत संगम है।ग्राम प्रधान भटपुरा-लालापुर शंकरलाल पाण्डेय ने बताया कि मनकामेश्वर धाम में जो भी भक्त श्रद्धा और भक्ति भगवान शिव की पूजा अर्चना करता उसकी मनोकामना जरूर पूर्ण होती है।

## शिव बारात में डीजे की धुन पर झूमे भक्त






**जारी।** महाशिवरात्रि के मौके पर शनिवार को शिवभक्तों की ओर से डीजे और बैंडबाजों की धुन पर शिव बारात निकाली गई। विभिन्न रूपों में रंग बिरंगे पोशाकों में सजे शिवभक्त नृत्य करते हुए लोगों को आकर्षित कर रहे थे। दोपहर को मंदिरों में पूजा-अर्चन और शिव विवाह के साथ कार्यक्रम खत्म हुआ। जारी बाजार में काली चौरा मंदिर से निकले जुलूस में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। डीजे के धुन पर नाचते हुए गढ़ैया कला से जारी मंडी समिति होते हुए पुनः काली चौरा मंदिर पर पहुंचे। बाजार वासियों ने बारातियों का स्वागत किया। इसके बाद वहां से बारात निकलने के बाद । शिव बारात को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहां शिवभक्तों ने भोलेशंकर का श्रृंगार और पूजा-अर्चन किया गया जारी क्षेत्र के आसपास के भक्त मौजूद रहे।

## चनेथू पड़ान शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर किया पूजन-अर्चन



**जंघई।** चनेथू पड़ान गांव में महाशिवरात्रि के अवसर पर नव निर्मित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने सुबह से शाम तक जलाभिषेक पूजन अर्चन किया। ‘हर हर महादेव’, बम-बम भोले, ऊं नमः शिवाय आदि भक्तिमय उच्चारण के साथ क्षेत्र भक्तिमय हो गया। मंदिर प्रांगण में भक्तों द्वारा सुंदर काण्ड, हवन पूजन-अर्चन किया गया एवं विभिन्न प्रकार के महाप्रसाद के साथ दूध, दही, अक्षत, बेलपत्र, मधु, रोरी, रक्षा, धतूरा, गंगाजल, पुष्प, फल, मिष्ठान भोलेनाथ को अर्पित किया गया।इस अवसर पर आचार्य धर्मेंद्र मिश्रा, यजमान रामखेलावन पांडेय, बरमा देवी भक्तों में पवन पांडेय, सतीश पांडेय सुरेंद्र पांडेय अंकित पांडेय मुन्ना, आशीष पांडेय भोले साहब पांडेय, रविशंकर, महेंद्र, जय, आनंद, धीरेंद्र, सुशील, विनोद, रोहित, शुभ, यश, दीपक, अविनाश, धर्मेंद्र, अंकित, हरिओम, विश्वजीत, नीरज, निहाल, निखिल, प्रिंस, साहिल, विशाल,अनुज, प्रियांशु, भोलू, आयुष, विशेष, कुणाल, हर्षित सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।



सोमेश्वर महादेव मंदिर में महा शिवरात्रि पर्व की रही धूम शिवालय में उमड़ी शिव भक्तों की भारी भीड़

### एसपीओ की टीम ने पुलिस प्रशासन के साथ पर्व को सकुशल कराया संपन्न

**नैनी।** प्रशासनिक अधिकारियों एसडीएम एसपी यमुनापार, करछना, क्षेत्राधिकारी करछना, कोतवाली नैनी इन्चार्ज के दिशानिर्देश पर सफलता पूर्वक पुलिस प्रशासन का सहयोग करने में विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ टीम) अहम भूमिका निभाई मेला क्षेत्र प्रयागराज में मेला प्रभारी रवि मिश्रा, एवं प्रभारी एसपीओ अभय राज सिंह के निर्देशन में अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया महानिदेशक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक जमुना पार एसडीएम करछना क्षेत्र अधिकारी करछना प्रभारी निरीक्षक नैनी कोतवाली इंचार्ज के दिशा निर्देश पर एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह के मार्गदर्शन और एसपीओ माघ मेला प्रभारी रवि मिश्रा के देखरेख में उप प्रभारी परवेज अहमद , संगठन सचिव रविन्द्र सिंह, जनसंपर्क अधिकारी से लियाकत अली सभी वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से सभी पॉइंट ऊपर पुलिस प्रशासन के साथ एसपीओ टीम तैनात एरिया इन्चार्ज के साथ एसपीओ टीम के जवान मौजूद रहे ! प्रभारी अभय राज सिंह ने टीम एसपीओ के संचालन व कुशल नेतृत्व साथ टीम एसपीओ के साथ श्रद्धालुओं का पूरा सहयोग मिला उप जिलाधिकारी करछना क्षेत्र अधिकारी करछना प्रभारी निरीक्षक नैनी कोतवाली इंचार्ज ने एसपीओ टीम के कार्यों की सराहना की एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह ने सभी ने वरिष्ठ अधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ वार्तालाप की जिन्होंने पूरी टीम की सराहना किया उपस्थित टीम में प्रभारी अभय राज सिंह, उप प्रभारी परवेज अहमद, संगठन सचिव रविन्द्र सिह, जनसम्पर्क अधिकारी शेख लियकत अली प्रभारी विरेन्द्र पटेल,सदीप विश्वकर्मा रवि मिश्रा, घनश्याम जायसवाल, सीनियर एरिया इन्चार्ज रामजी जायसवाल,शुशील शर्मा,पंकज मलिक, एरिया इन्चार्ज प्रदीप कुमार, सजीव कुमार, दिनेश केसवानी, धर्मराज पटेल, दीपक चौरसिया, विशाल जायसवाल, शुभम प्रजापति, रमेश केसरवानी शुजल केसरवानी, अश्वनी शर्मा, राजीव वर्मा, मो फिरोज, मनीष, आदि लोग सभी पर्व पर उपस्थित रहे।

## चंद्रमौलेश्वर धाम चनेथू में महादेव के जयकारे, भक्तों ने किया जलाभिषेक





**जंघई।** महाशिवरात्रि पर चंद्रमौलेश्वर धाम चनेथू में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जल और दूध चढ़ाकर अभिषेक किया। इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। शिव भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन किए और शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद, घी चढ़ाकर अभिषेक किया। शिवजी को प्रिय भांग, धतूरा, बेलपत्र, फूल चढ़ाए गए। धूपबत्ती और घी के दीपक जलाकर आरती उतारी गई। मंदिर के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग गईं मंदिर के संस्थापक बबलू दुबे ने विशेष रूप से रुद्राभिषेक भी किया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकी प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर महेशानंद महाराज प्रयागराज, प्रधान मुन्ना पांडेय, नीरज पाठक, रमेश चंद्र तिवारी, संतोष कुमार शुक्ला, अजय शुक्ला, डिंपल शुक्ला, रिंकू पांडेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## हर हर महादेव से गुंजायमान हुआ कुंदौरा धाम



**प्रतापपुर।** श्री हरिहर धाम कुंदौरा में महाशिवरात्रि के अवसर पर भोर से ही भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और पुण्य लाभ की प्राप्ति की। महाशिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र के सभी मंदिरों में भोर से ही बेल पत्र,दूध, दही, अक्षत, मधु, रोरी, रक्षा,मिठाई के साथ शिवलिंग पर जल चढ़ना शुरू हो गया और यह क्रम दिनभर चलता रहा। मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम एवं सीओ हंडिया, इंस्पेक्टर सरायममरेज तथा दर्जनों महिला पुरुष के कांस्टेबल, होमगार्ड्स मेला क्षेत्र में तैनात रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव, समिति जवाहर लाल गौड़, हरिप्रसाद मिश्रा प्रधान, बालकृष्ण तिवारी, अशोक तिवारी, सुरेंद्रनाथ पांडेय, विजय बहादुर यादव, सतेंद्र पांडेय, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, कलंदर पांडेय, राकेश यादव प्रधान, आशाराम गौड़ श्याम कृष्ण पांडेय, रमन गौड़ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंजे शिवालय

**सहसों।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के मंदिरों में भोर से ही भक्तों द्वारा जलाभिषेक करते हुए हर-हर महादेव के उद्घोष से मंदिर व शिवालय गुंजायमान रहे। राम जानकी मंदिर सहसों परिसर में स्थित विशाल शिवलिंग में सुबह से ही भक्तों ने धूप दीप नैवेद्य के साथ जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना की। इसी प्रकार मनकामेश्वर मंदिर बाबूगंज, बूढेश्वर महादेव मंदिर गुलालपुर, टहलू का शिवाला शिव मंदिर रामनाथपट्टी सहित आसपास के मंदिरों में भक्तों ने दिनभर जलाभिषेक पूजा अर्चना करते हुए आशीर्वाद लिया। इसी तरह रामनाथपट्टी शिव मंदिर में अखंड कीर्तन का आयोजन चल रहा है। जिसमें पूजा-अर्चना के साथ ग्रामीणों ने कीर्तन में अपनी सहभागिता दिखाई। मंदिर के पुजारी संजय शुक्ला बाली ने बताया कि अखंड कीर्तन का समापन रविवार को होगा उसी दिन महाप्रसाद का आयोजन किया गया है।

## मंदिरो में पूर्ण श्रद्धा के साथ किया गया जलाभिषेक



**मऊआइमा।** मऊआइमा के बांका जलाल पुर स्थित बंकेश्वरनाथ पांडव कालीन प्राचीन शिव मंदिर व क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में भी श्रद्धा पूर्वक जलाभिषेक किया गया। शनिवा को मऊआइमा के पक्का तालाब, थाना पडाव मन्दिर ,एंव कस्बा के विभिन्न शिवमंदिरों में शिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक किया गया। ग्राम बांकाजलालपुर स्थित बांकेश्वरनाथ धाम में भी प्रत्येक वर्षों की भांति महाशिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक किया गया वहीं शनिवार को महाशिवरात्रि को दूर दराज से लोग आकर प्राचीन शिव मंदिर पर जलाभिषेक करके पूजा अर्चना किया। इस मौके पर उपनिरीक्षक संजय मौर्या, उपनिरीक्षक सच्चिदानंद, उपनिरीक्षक जगदीश त्रिपाठी, कांस्टेबल गुलाब सिंह, कांस्टेबल अंकुर यादव समेत पुलिस टीम सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहें ।



## राजमिस्त्री सम्मेलन आयोजित कर दी गई गुणवत्तापरक जानकारी

**सहसों।** डालमिया सीमेंट के इंजीनियर एवं एक्सपर्ट द्वारा शारदा सीमेंट एजेंसी गारापुर में राजमिस्त्री सम्मेलन आयोजित कर भवन निर्माण के विभिन्न बारीकियों की जानकारी से राजमिस्त्री सहित अन्य लोगों को अवगत कराया। इस मौके पर स्टेट हेड मार्केटिंग रवीश कुमार ने बताया कि भवन निर्माण के लिए राजमिस्त्री की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। उन्हें भवन निर्माण में लगने वाले सामग्रियों के साथ उनकी दक्षता व कारीगिरी भी भवन निर्माण क्षेत्र में मजबूती के साथ टीकाऊपन देता है। इसके अलावा अच्छे ब्रांड की सीमेंट उपयोग करने में बहुत ही जरूरी होता है। इस लिहाज से डालमिया सीमेंट बहुत ही टिकाऊ व मजबूती के साथ भवन निर्माण में सफाई भी प्रदान करता है। इस मौके पर एरिया मैनेजर रजनीश कुमार एवं जिला सेल्स अधिकारी जन्मेजय पांडे ने बताया कि किसी भी निर्माण में गुणवत्ता के साथ अधिक मजबूती के लिए अच्छी किस्म के सीमेंट के साथ बालू सरिया एवं राजमिस्त्री की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। सेल्स अधिकारी अजय दीक्षित एवं तकनीकी इंजीनियर दुर्गेश त्रिपाठी ने बताया कि किसी भी निर्माण में छह सामग्रियां बालू , सीमेंट, सरिया गिट्टी, ईंट तथा पानी का प्रयोग होता है। जिसके लिए सीमेंट सबसे अधिक महत्वपूर्ण एवं गुणवत्तायुक्त होना आवश्यक है। डालमिया सीमेंट पूर्ण रूप से लैब से टेस्ट किया हुआ इंजीनियरों की देखरेख में बनाया गया है यह भवन निर्माण के साथ किसी भी निर्माण कार्य के लिए बहुत ही उपयुक्त है। कार्यक्रम के आयोजक जय शंकर शुक्ला एवं आशीष शुक्ला ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार जताया। कार्यक्रम के समापन पर भवन निर्माण प्रश्नोत्तरी पर विजेता राजमिस्त्री को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर फूलचंद, मुरारीलाल, रमेश पाल, राम सजीवन, हीरालाल आदि राजमिस्त्री गुणवत्ता की जानकारी लेते मौजूद रहे।

# उँचडीह में चल रहे कथा का हुआ समापन





अखंड भारत संदेश

### अंतिम दिन तक लगी रही लोगों की भीड़

**मेजा रोड।** मांडा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा उँचडीह मे चल रहे कथा के अंतिम दिन शिवपुराण कथा वाचक ब्रह्म कालीन राजेश्वरानंद महाराज जी के परम शिष्य अंकुश तिवारी जी महाराज ने रविवार को बताया कि ऋषि दुवार्सा के पास एक दिव्य माला थी। एक दिन उन्होंने सोचा कि ये माला मेरे किसी काम की नहीं है। उस समय उन्हें देवराज इंद्र दिखाई दिए। दुवार्सा ऋषि ने वो माला इंद्र को दे दी। इंद्र अपने हाथी ऐरावत पर बैठे हुए थे। इंद्र देवताओं के राजा थे और ऐरावत पर बैठे थे, उन्हें अपने पद का ऊंचे वाहन का घमंड हो गया। घमंड की वजह से उन्होंने वह माला अपने हाथी को पहना दी।ऐरावत ने उस माला को अपनी सूंड से पकड़ा और जमीन पर पटक दिया। ये सब दुवार्सा ऋषि ने देखा तो उनका गुस्सा बहुत बढ़ गया। अपने उपहार की ऐसी दशा और इंद्र के घमंड को देखकर उन्होंने स्वर्ग को श्रीहीन होने का शाप दे दिया।दुवार्सा ऋषि शाप देकर चले गए, लेकिन ये शाप सुनते ही देवराज इंद्र और अन्य देवता घबरा गए। सभी देवता तुरंत ही भगवान विष्णु के पास पहुंचे। विष्णु जी ने इंद्र से कहा कि ये सब आपके घमंड की वजह से हुआ है। आपको घमंड नहीं करना चाहिए। दुवार्सा ऋषि का शाप सच जरूर होगा। अब स्वर्ग की शोभा फिर से पाने के लिए सभी देवताओं को असुरों के साथ मिलकर समुद्र मंथन करना चाहिए। इस मंथन से कई दिव्य वस्तुएं निकलेंगी, जिनसे स्वर्ग फिर से दिव्य हो जाएगा। इनके साथ मंथन से अमृत भी निकलेगा, जिसे पीकर सभी देवता अजर-अमर हो जाएगा।विष्णु जी की सलाह मानकर देवताओं ने असुरों के साथ मिलकर समुद्र मंथन किया और इंद्र के साथ ही सभी देवता अमृत पीकर अमर हो गए। इस कथा में दुवार्सा ऋषि ने संदेश दिया है कि जो लोग अपने पद का घमंड करते हैं तो उस व्यक्ति का सबकुछ बर्बाद हो सकता है मौके पर (आयोजक) के पिता राम उजागीर,माता श्यामलला, (आयोजक) धर्म प्रकाश शुक्ला, (आयोजक) की पत्नी गीता शुक्ला, धनंजय शुक्ला, शैलेश सिंह शैलू आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव व स्थापना दिवस हुआ संपन्न



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सराय बंसी गांव स्थित श्री नेहरू ग्राम इंटरमीडिएट कॉलेज में शनिवार को वार्षिकोत्सव समारोह स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे लोकसभा भदोही सांसद रमेश चंद्र बिंद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर प्रारंभ किया गया। विद्यालय परिवार के द्वारा मुख्य अतिथि का माला पहना कर जोरदार अभिनंदन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक राम प्यारे पाल ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य अधूरा है और जीवन में शिक्षा का होना अति महत्वपूर्ण है आगे कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा के प्रति नए से नए कदम उठाए जा रहे हैं वहीं शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है गरीब असहाय बच्चों को सरकार की तरफ से पूरा योगदान पूरा लाभ मिल रहा है ऐसे समय में यदि बच्चे शिक्षा को ग्रहण न कर सके तो यह सबसे बड़े दुर्भाग्य की बात है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे थाना अध्यक्ष उतरांव श्रवण कुमार व ब्लाक प्रमुख सैदाबाद राजेंद्र सिंह पटेल वही विद्यालय परिवार की ओर से विशिष्ट अतिथियों का माला पहनाकर जोरदार अभिनंदन किया गया। विशिष्ट अतिथियों द्वारा विद्यालय के प्रति शिक्षा को लेकर सराहना करते हुए विद्यालय परिवार का मनोबल बढ़ाया गया। वही विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया छात्रा काजल, शमी जेहरा, आराधना ,साक्षी , द्वारा राष्ट्रीय गीत नाटक गजल आदि प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम देख उपस्थित लोगों द्वारा खूब जमकर तालियां बजाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक रामप्यारे पाल एडवोकेट ने किया । कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधानाचार्य अजय कुमार द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर गया प्रसाद मिश्रा, मंडल अध्यक्ष राकेश पाल, प्रधानाचार्य रणविजय कानपुरी, अर्पित पाल,समेत दर्जनों विद्यालय के प्रबंधक व विद्यालय के अध्यापक गण समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बरेठी की सड़क बनी तालाब, खतरे में सफर



**उतरांव।** बरेठी बलरामपुर प्रधानमंत्री मार्ग जो एनएच से जोड़ने वाला मार्ग है बरेठी में जगह जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने से तालाब का रूप ले चुका है। जिससे राहगीरों का आवागमन दुश्वार हो गया है।यह पानी बरसात का नही है।यह पानी बस्ती का है जो सड़क पर बह रहा है।बरसात के मौसम में कीचड़, पानी और गड्ढों से संघर्ष करते हुए मुश्किल से लोग यात्रा करने को विवश हैं। 10 किमी लंबी इस सड़क में बरेठी से ही गड्ढों का सफर शुरू हो जाता है।बरेठी रोड के सामने बने विशाल गड्ढे में हमेशा कीचड़ युक्त पानी जमा रहता है। बरेठी चौराहे से लेकर रामलीला मैदान तक जलमग्न सड़क होने के कारण आए दिन लोग गिरकर चोटिल होना आम बात बन गया है।यहां कपड़े बर्बाद होना आम बात है,बरेठी व बलरामपुर बाजार के पास सौ मीटर में छोटे छोटे अनेक गड्ढे हैं। 5 वर्ष पूर्व इस मार्ग का निर्माण हुआ था। इसके उपरांत भी विभाग मौन है, जिससे परेशान राहगीरों में रोष व्याप्त है। इन गांवों का यही है सहारा- क्षेत्र के बरेठी,टिकरी,बलरामपुर, बसगित, उतरांव, बलीपुर, पहाड़पुर, गोपालीपुर, महुवाकोठी, जलालपुर, अतरौरा, इनायत पट्टी,पकरी,मोतिहा, बरौना, दादुपुर, मण्डौर, कहरा,फतुहा,सहबाजपुर, पुरसोत्तम पुर समेत सैकड़ो गांवों के लोग इस मार्ग से प्रतिदिन आते जाते हैं।

# बैंक ऑफ बड़ौदा प्रयागराज ने बैंक से जुड़े बन्धुओं को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश




**सहसों।** बैंक से जुड़कर आम जन की सुविधा हेतु जिसमें ग्राहकों को कोई असुविधा न हो, ग्राहक बिना परेशानी के लेनदेन कर सके। जिसके उत्कृष्ट कार्य के लिए बैंक द्वारा वित्तीय समावेशन गोष्ठी एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सम्मानित किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में 17 फरवरी गुरुवार को एमएनआईटी कॉलेज के सभागार में बैंक ऑफ बड़ौदा प्रयागराज के बैंक मित्र, बीसी सखी, बीसी सुपरवाइजर, कंपनी कोऑर्डिनेटर व डीएसटी बंधुओं को सम्मानित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अथिति बैंक ऑफ बड़ौदा लखनऊ अंचल के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्री ब्रजेश कुमार सिंह ने बीसी बंधुओं को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी किया तथा अंचल कार्यालय से चलाए जा रहे व्यवसाय को नई गति देने के लिए कैंपेन हेतु लोगों का मार्गदर्शन भी किया। कार्यक्रम में 350 से अधिक बैंक मित्र, बीसी सखी, बीसी सुपरवाइजर, कंपनी कोऑर्डिनेटर में अनिल कुमार पटेल वक्रांगी, रजनीश श्रीवास्तव रॉइनेट, विकास मिश्रा सीएससी, निरंजन पांडेय विजन इंडिया, योगेश श्रीवास्तव अप्पन दुकान व डीएसटी बंधुओं ने उपस्थित होकर सम्मानित हुए। इस अवसर पर सम्मान कार्यक्रम में एसएलबीसी प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक श्री संजय वर्मा, प्रयागराज क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री अरूण कुमार गुप्ता, उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री पुनीत श्रीवास्तव ने बैंक एवं ग्राहकों से संबंधित नई नई योजनाओं एवं नीतियों को बताते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रयागराज क्षेत्र के आरबीडीएम श्री विकास श्रीवास्तव, वित्तीय समावेशन प्रबंधक गौरव उपाध्याय, देव्यालोक, प्राची, शिवेंद्र पांडेय, हेमंत कुमार, अंकित सिंह, मनोज गुप्ता सहित आदि मौजूद रहे।

# ग्राम चौपाल में सुनी गई लोगों की समस्याएं

अखंड भारत संदेश




ग्राम चौपाल में उपस्थित प्रमुख गीता सिंह व अन्य।

**सहसों।** शासन से निर्दिष्ट चौपाल कार्यक्रम में विकासखंड सहसों के देवनहरी गांव में ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह की उपस्थिति में विकास खंड अधिकारी संजीव रत्न, एडीओ आईएसबी विजय कुमार गौतम, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलाब तिवारी, ग्राम पंचायत अधिकारी अविनाश सिंह ने चौपाल के माध्यम से लोगों की समस्याओं को उनके अर्जी पर विभिन्न समस्याओं के लिए सुनते हुए निस्तारण का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर बीटी अशोक कुमार, बीटी उमेश कुमार, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजबली सहित आदि ग्रामीण मौजूद रहे। इसी तरह विकासखंड के ग्राम पंचायत कनौजा कला में प्रमुख गीता सिंह, विकास खंड अधिकारी संजीव रत्न, वीडियो समाज कल्याण राकेश कुमार यादव, जे ई आरएस सच्चिदानंद पटेल, एडीओ आईएसबी विजय कुमार गौतम, ग्राम पंचायत अधिकारी ललिता यादव, ग्राम प्रधान गुड़िया देवी, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू ने ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की अर्जी पर वृद्धा पेंशन, आवास, खड़ंजा निर्माण, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, मनरेगा मजदूरी, स्ट्रीट लाइट आदि समस्याओं को सुना तथा कुछ का निस्तारण भी किया गया। समस्याओं को बताते हुए अरमीदा बेगम, श्यामकली, बेला देवी, अमिरती देवी, जगन्नाथ पटेल, अनीता देवी, कुसुम, सुनीता देवी, बृजेश कुमार, भोला भारतीया सहित आदि फरियादी ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बाबा घुइसरनाथ, बेलखरनाथ सहित शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव

## सुबह से अपरान्ह तक श्रद्धालुओं का रहा रेला, हजारों लोगों ने किया पूजन अर्चन



घुइसरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिये लगी लाइन व शिव मंदिर पर जलाभिषेक करती महिलाएं व बच्चे।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/ लालगंज।** महाशिवरात्रि के पर्व पर जिले के बाबा घुइसरनाथ धाम, बाबा बेलखरनाथ धाम, बाबा हौदेष्वरनाथ धाम सहित षिवालयों में आज हर-हर भोले के नारों के साथ श्रद्धालुओं का अपार जनसमूह उमड़ा। हाथ में कलष रखकर उसमें बेलपत्र और फूल डालकर भोर से ही षिवालयों के सामने श्रद्धालुओं की लम्बी लाइनें लग गई थी और घंटों इंतजार के बाद लोगों का नम्बर आया लेकिन उनका उत्साह कम नहीं हुआ। यह सिलसिला भोर से शुरू हुआ और अपरान्ह तक चलता रहा।

सबसे ज्यादा भीड़ बाबा घुइसरनाथ धाम और बेलखरनाथ में हुई। घुइसरनाथ धाम में सुबह की किरण फूटी तो मुख्य मंदिर के सामने शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भीड़ को देख व्यवस्था मे लगे स्वयंसेवको के साथ पुलिस व पीएसी के जवानो की भी मशक्कत बढ़ गयी।

वहीं श्रद्धालुओ के सुगम दर्शन को लेकर प्रशासन की भी धड़कन तब तक बढ़ी दिखी जब तक दोपहर बाद आस्था व विश्वास की बाबा धाम में उठी लहर कुछ थमी न। एसडीएम सौम्य मिश्र, तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह व सीओ रामसूरत सोनकर भी शिवभक्तों के महादेव के दर्शन पूजन को लेकर प्रशासनिक दीर्घा छोड धाम परिसर मे व्यवस्थाओं की नब्ज टटोलने लगे। लालगंज प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल तथा सांगीपुर प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भी प्रबन्धो को लेकर भारी फोर्स के साथ कदमताल करते दिखे। मंदिर के प्रवेश द्वार पर श्रद्धालु महिलायें भी बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए नमः शिवाय के जाप मे मगन दिखी। शिवभक्तों ने बाबा को प्रसन्न करने के लिए बेल पत्र व धतूरा, पुष्प आदि चढ़ाते हुये घुइसरनाथ बाबा के गगनभेदी जयघोष मे रमें दिखे। श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन मे सुरक्षाबलों के साथ स्वयंसेवी संस्थाओ के कार्यकताओं के द्वारा भी व्यवस्था सुगम बनाने मे कडी मशक्कत करते देखा गया। सई नदी मे पुलिस ने बैरीकेटिंग के साथ गोताखोरो की भी ऐहतियातन व्यवस्था भी कर रखी थी। वहीं लालगंज-सांगीपुर हाईवे पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए डभियार तथा देउम के पास बैरियर लगाकर भारी वाहनों को बाबा धाम मे प्रवेश करने से रोकने मे पसीना-पसीना हो रही थी। पूरे धाम मे पुलिस तथा पीएसी के साथ महिला पुलिस बिंग व पुलिस की खुफिया एजेंसी को हाई अलर्ट मे देखा गया।

## हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर जलाभिषेक किया

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शनिवार को क्षेत्र के हौदेश्वरनाथ धाम, मानिकपुर, कालाकांकर व मुरस्सापुर सोनामऊ गंगाघाट किनारे भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पतित पावनी मां गंगा में स्नान कर अपने पाप धोकर पुण्य के भागीदार बने स्नान के बाद श्रद्धालुओ ने मां गंगा की पूजन अर्चन किया और परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया। गंगातट किनारे स्थित शिव मंदिरों में पूजन अर्चन किया। महाशिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र के गौरीशंकर महादेव बड़ा गांव में आस पास के भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ की पूजन अर्चन किया। मन्दिर परिसर में विशाल मेले का आयोजन भी किया गया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल मौजूद रही। बैरियर लगाकर सभी दोपहिया वाहनों को मन्दिर के पहले ही रोक दिया ताकि श्रद्धालुओ को दिक्कत का सामना ना करना पड़े। मेले में बच्चो ने मनोरंजन के लिए सर्कस झूला के साथ हवा में उड़ने वाले गुब्बारे का भरपूर लुफ्त उठाया लकड़ी के खूब सूरत सामान व प्लास्टिक के सामानों की जमकर खरीदारी किया मेले में चाट, फल व मिठाई की भरपूर दुकाने मन्दिर के आस पास लगी हुई थी। इसी क्रम में मुरस्सापुर सोनामऊ गंगातट किनारे स्थिति दूधाधारी शिव लिंग मन्दिर में भारी संख्या मे श्रद्धालुओ ने जलाभिषेक किया और शिवलिंग की पूजन अर्चन किया मन्दिर परिसर में ग्राम प्रधान पति सुरेश कुमार यादव ने अपनी पत्नी ग्राम प्रधान संगीता देबी व पिता माता के साथ भोलेनाथ को जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया मन्दिर परिसर में मेले का भी आयोजन किया गया।

## प्रमोद व मोना ने श्रद्धालुओं के साथ टेका मत्था

**अखंड भारत संदेश**



बाबा घुइसरनाथ धाम में जलाभिषेक करते प्रमोद तिवारी व मोना।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि पर बाबा घुइसरनाथ जी का दर्शन पूजन तथा यहां आयोजित सदभावना सभा मे शामिल होने आये राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी सुबह सबसे पहले अपनी विधायक पुत्री एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा छोटी सुपुत्री डा. विजयश्री सोना के साथ बाबा का दर्शन करने पहुंचे। धाम मे श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना को देख प्रशासन भी सतर्क हो उठा। पुलिस अफसरो के कई बार अनुरोध के बावजूद सांसद प्रमोद तिवारी अपनी विधायक बेटी मोना के साथ आम श्रद्धालुओं की पंक्ति मे काफी देर तक दर्शन के लिए प्रतीक्षारत दिखे। प्रमोद तिवारी व मोना को भी अपने साथ दर्शन के लिए मौजूद देख श्रद्धालुओ मे मुस्कुराहट तैर उठी दिखी। युवा लाबी प्रमोद तिवारी तो महिलाएं विधायक मोना के साथ दर्शन की लाइन मे सेल्फी भी लेने मे उत्साहित दिखीं। इस बीच सांसद प्रमोद तिवारी व एमएलए मोना ने कुछ देर बाद मंदिर के गर्भगृह मे पहुंचकर बाबा के समक्ष मत्था टेका। प्रमोद व मोना ने यहां बाबा के साथ भगवान बेंकटेश्वर का भी वैदिक पूजन के साथ दर्शन कर लोक कल्याण की सुमंगल कामना की।



विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते प्रमोद तिवारी व विधायक मोना।

## विधायक मोना व सांसद प्रमोद ने दी क्षेत्र को करोड़ों की सौगात, क्षेत्रवासियों ने जताई खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा घुइसरनाथ धाम मे अटठाईसवां राष्ट्रीय एकता महोत्सव विकास योजनाओं की भी चमक लिए दिखा। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना एवं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने डा. विजयश्री सोना के साथ विभिन्न ग्रामीण विकास परियोजनाओं के तहत एकमुश्त एक सौ इक्यावन ग्रामीण विकास से जुडी करोड़ो की परियोजनाओं की सौगात सौंपी। करोडो की विकास योजनाओं की एक मुश्त सौगात पाकर बाबा धाम मे मौजूद जनसैलाब के चेहरे पर प्रसन्नता की लहर भी दौड़ पडी दिखी। विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से बाबा धाम में सई तट पर रीवर फ्रन्ट के लिए दो करोड तैतीस लाख की धनराशि पर्यटन मंत्रालय से मंजूर होने की घोषणा पर जमकर तालियां बजी। वहीं विधायक मोना ने लालगंज ट्रामा सेण्टर के क्रियाशील कराए जाने के लिए भी धनराशि मुहैया होने की जानकारी दी तो लोगों की तालियां भी गूंज उठी दिखी। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने कहा कि बाबा धाम मे अभी लगातार अन्य बड़ी योजनाएं भी संचालित होती रहेगीं। जिससे पर्यटन की द्दष्टि से यह धाम सबसे सुविकसित जन-सुविधाओं का आदर्श धाम कहलायेगा।

# देश की सुख शांति को सदैव मजबूत बनाती आई है हमारी राष्ट्रीय एकताः प्रमोद तिवारी

### राष्ट्रीय एकता महोत्सव में हुआ भजन व संकीर्तन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि पर बाबा घुइसरनाथ धाम मे अटठाईसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव की प्रातः बेला में भजन व संकीर्तन की मनोहारी प्रस्तुतियों के बीच सदभावना सभा में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक एवं सूबे की कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने राष्ट्रीय एकता की मजबूती पर पुरजोर आहवान किया।

सदभावना सभा का शुभारंभ प्रख्यात भजन गायक श्रीराम द्विवेदी संदीप के हे शम्भू बाबा मेरे भोलेनाथ की सुमुधर प्रस्तुतियों से हुआ। वहीं भजन गायिका रूही गुप्ता ने भी सुर व ताल का अनुपम समागम के बीच शिव आराधना के सुमधुर भजन से आडीटोरियम मे मौजूद हजारो हजार दर्शकों को भावविभोर कर दिया। यहां हुई विशाल सदभावना सभा को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुये राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय एकता की मजबूती चिरकाल से भारत की सुख शांति व वैभव को उज्ज्वल बनाती आ रही है। उन्होनें कहा कि नये भारत के निर्माण में इसे सर्वश्रेष्ठ बनाये रखने के लिए मेलजोल की भावना को हमें निरंतर मजबूती प्रदान करनी होगी। अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि बाबा धाम से विकास तथा एकता व भाईचारे की हमारी त्रिवेणी संस्कृति को धार मिला करती है। विशिष्ट अतिथि प्रयागराज ट्रिपल आईटी की प्रो. डा. विजयश्री सोना रहीं। सभा का संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर ईओ पदमजा मिश्रा, बीडीओ अश्विनी सोनकर, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, आदि रहे। आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय ने किया। इसके बाद अपरान्ह बेला तक सांस्कृतिक रंगमंच से भजन व संकीर्तन तथा कठपुतली समेत लोक नृत्य व गीत संगीत की भी सजी महफिल का लोग लुफ्त उठाते रहे।



एकता महोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार।

### महोत्सव में भजन व संकीर्तन तथा कठपुतली नृत्य व लोकगायन पर झूमे दर्शक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम मे महाशिवरात्रि की प्रातःकालीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी धाम मे मौजूद श्रद्धालुओं व दर्शकों के लिए मनभावन दिखी। सांस्कृतिक दल के भजन के सांस्कृतिक दल के साथ कठपुतली नृत्य व तिरंगी छटा में एकता गीत पर भावनृत्य को लोग अपलक निहारते दिखे। कलाकारों ने बाबा घुइसरनाथ की महिमा व देवाधिदेव महादेव की आराधना में जब सुरों को आगाज दिया तो कला व संस्कृति की सई तट पर धारा भी प्रफुल्लित हो उठी। गीत व संगीत को लेकर यादगार कार्यक्रम देने आयी भजन गायिका रूही गुप्ता ने सुबह सुबह लें शिव का नाम तथा ए गणेश के पापा... के साथ शिव पार्वती आराधना के सुमधुर भजन से लोगों का बडा समर्थन हासिल किया। वहीं श्रीराम द्विवेदी संदीप ने हे शम्भू बाबा मेरे भोलेनाथ.. तथा छाप तिलक सब छीनी रे.. और चिट्ठी आई है, वतन से चिटठी आई है.. की मनमोहक प्रस्तुति देकर बाबा की नगरी में श्रद्धालुओं को शिव के जयघोष व राष्ट्रीयता के उमंग में रोमांचित कर दिया। कठपुतली नृत्य का भी सराहनीय मंचन देख श्रद्धालुओं खासकर महिला श्रद्धालुओं को खासा मगन देखा गया। एकता से जुडे गायन पर भी अतिथि दीर्घा से भी कलाकारों का उत्साहवर्धन हुआ दिखा। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की मौजूदगी मे कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को सम्मानित कर हौसला आफजाई की गयी।

# विवाहिता की गला रेतकर निर्मम हत्या, सनसनी, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के मानिकपुर थाना क्षेत्र के लाट तारा में बीती रात को विवाहिता का घर के अंदर कमरे में खून से लथपथ शव मिलने से हड़कम्प मच गया घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई घटना की जानकारी मिलते ही मानिकपुर पुलिस भी मौके पर पहुँच गईं।

घटना के बारे में मृतक महिला का बेटा दिलशाद पुत्र स्व0 गामा निवासी काछी पट्टी मानिकपुर ने पुलिस को दिए गए तहरीर में कहा है कि मृतिका मेरी माँ महरून निशा पत्नी स्व0 गामा (61) वर्षीय लगभग 18 साल से घर परिवार को छोड़कर थाना क्षेत्र के लाटतारा मानिकपुर में राजकुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 किशोरी लाल श्रीवास्तव के साथ जीवन यापन करती थी जिनकी शुक्रवार की बीती रात घर के अंदर कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में रक्त रंजिश शव मिलने की सूचना स्थानीय पुलिस ने दी घटना की जानकारी मिलते ही मैं अपने साथ नफीस, मोईन, बड़े भाई सलमान के साथ घटना स्थल पर पहुँचा तो कमरे के अंदर खून से लथपथ मेरी माँ का शव पड़ा था जिनके गले मे धारदार औजार से गला रेतने का निशान पड़ा था और खून बह रहा था जिससे मेरी माँ की मौत हो गई। मृतिका के बेटे दिलशाद पुत्र स्व0 गामा ने मानिकपुर पुलिस को अपनी मां की हत्या का आरोप लगाते हुए राजकुमार श्रीवास्तव के खिलाफ नामजद तहरीर दिया। तहरीर मिलने पर मानिकपुर प्रभारी मनीष कुमार पांडेय ने शव की लिखा पढ़ी करके शव को पीएम के लिए भेजा। पुलिस जांच में जुटी हुई है। मौके पर पहुँची मानिकपुर पुलिस ने घटना की जानकारी सीओ कुन्डा अजीत सिंह व एसपी प्रतापगढ़ को दिया। हत्या की सूचना मिलते ही आनन फानन में सीओ व एसपी घटना स्थल पर पँहुचे और घटना की बाबत लोगों से पूछताछ किया।



महरुन निषा (फाइल फोटो)।

### आरोपियों ने निर्माण कार्य रोका, महिला ने थाने में की शिकायत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** छप्पर के नीचे दो बच्चों को लेकर अपना जीवन यापन कर रही महिला को जब आवास नसीब हुआ तो वह उसका निर्माण करवाना शुरू किया लेकिन पड़ोसियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए काम रुकवा दिया। पीड़ित महिला ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर खागल गांव की रहने वाली निशा पत्नी फूलचंद ने बताया कि उसे आवास का पैसा पात्र होने पर मिला तो वह अपने छप्परनुमा मकान के स्थान पर निर्माण करवाने लगी जिस पर पड़ोसी तीन लोग एक राय होकर जान से मारने की धमकी देते हुए उसे दौड़ा दिया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# वाहन की टक्कर से स्कूल के चपरासी की उपचार के दौरान मौत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे के नवाबगंज थाना क्षेत्र के ब्रह्मौली चैराहे पर साइकिल सवार अधेड़ की अज्ञात वाहन की टक्कर से गम्भीर रुप से घायल हो गया जो सड़क पर पड़ा रहा घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कम्प मच गया। मालूम हो कि उक्त थाना क्षेत्र के बरमौली चैराहे के निकट एमकेडी एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल का चपरासी राम लौटन विश्कर्मा पुत्र पराग विश्कर्मा (58) वर्षीय निवासी जशौली अरखा ऊँचाहार रात अपने घर से निमंत्रण के लिए पड़ोस के गाव दुलहिन का पुरवा गया था जहां साइकिल से स्कूल में रात डियूटी में सोने के लिए जाते समय रात लगभग 12 बजे बरमौली चैराहे पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे सड़क पर पड़ा रहा किसी दूसरे वाहन के चालक ने सड़क पर पड़े अधेड़ की सूचना चैराहे पर लोगो को दी।

सूचना पर पँहुचे ग्रामीण व पुलिस उपचार के लिये एम्बुलेंस से ऊँचाहार ले गए जहां चिकित्सकों ने रायबरेली के लिए रिफर कर दिया जहां उपचार के दौरान राम लौटन की मौत हो गई मृतक का शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी माया की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### बाइक साइकिल की भिड़ंत में दो घायल

**परियावां, प्रतापगढ।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर शुक्रवार की शाम नवाबगंज थाना के चौरही पेट्रोल पम्प के निकट थाना क्षेत्र के बरियावां झरखटी का पुरवा निवासी रामकृष्ण तिवारी पुत्र रामकृष्ण (50) वर्षीय साइकिल से किसी काम से आलापुर जा रहा था कि कि पीछे से आ रही बाइक सवार संजय सोनकर पुत्र खुनन्नी लाल (40) वर्षीय निवासी कोखराज कौशाम्बी ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों सड़क पर गिर कर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी कालाकांकर भेजा जहां संजय सोनकर को प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया और रामकृष्ण को उपचार करने के बाद छुट्टी दे दिया।

### स्कूली छात्रा के साथ छेडछाड व मारपीट, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्कूली छात्रा के साथ आरोपियो द्वारा छेडछाड तथा मारपीट की घटना को लेकर शुक्रवार को पुलिस मे तहरीर दी गयी है। सांगीपुर थाना के उधरन का पुरवा निवासी एक युवती की पुत्री एक विद्यालय की छात्रा है। पीडिता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सत्रह फरवरी को वह सुबह स्कूल जा रही थी। इस बीच गांव के ही दो आरोपी मेढ़ावां मोड पर आ गये। आरोपियो ने पीडिता के साथ छेडछाड की तो उसने विरोध किया। इस पर आरोपियो ने पीडिता को मारापीटा। तहरीर मे कहा गया है कि पीडिता ने शोर मचाना चाहा तो आरोपी कहीं मुंह खोलने पर जानलेवा धमकी देकर चले गये। पीडिता का तहरीर मे यह भी कहना है कि घटना के दो तीन दिन पहले भी आरोपी उसके साथ छेडछाड कर चुके हैं। इसके कारण पीडिता डरी व सहमी हुई है। सांगीपुर पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है जांच कर आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

### जानलेवा हमले के प्रयास के आरोपियों की गिरफ्तारी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जानलेवा हमले के प्रयास के मामले में फरार चल रहे तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायलय भेज दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भिवनी गांव मारपीट में बलवा मारपीट गैर इरादतन हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। मामले में पुलिस अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी शनिवार को पुलिस ने रमेश वर्मा अजय प्रजापति का भैरव प्रजापति को गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया।

### प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की बैठक में अधिवेशन की सफलता पर मंथन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की हुई बैठक मे संघ के प्रांतीय महासम्मेलन को सफल बनाने की रणनीतिक चर्चा हुई। रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक संसाधन केंद्र पर हुई बैठक मे शिक्षामित्रों ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। वही बैठक मे शिक्षामित्रों की समस्याओं के निराकरण को लेकर भी संघर्ष की रणनीति तय हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संरक्षक यमुना प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि शिक्षामित्रो के द्वारा शैक्षिक योगदान की उत्कृष्टता को देखते हुए सरकार इनकी सुविधाओं मे बढोत्तरी की फौरन घोषणा करे। बैठक का संचालन संघ के अध्यक्ष विवेक द्विवेदी व संयोजन मंत्री संजीव कुमार त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर संतोष मिश्र, दिलीप यादव, देवेन्द्र मोदनवाल, गायत्री देवी, मिथलेश कुमारी, प्रिया केसरवानी, अफसाना बानो, अशोक तिवारी, शोभा शुक्ला, लाल बहादुर सोनकर, किसनलाल सरोज, आचार्य राममूर्ति त्रिपाठी आदि रहे।

## परीक्षार्थियों के लिए रेलवे क्रॉसिंग खुलवाने की मांग

### बोर्ड परीक्षार्थियों को आ रही दिक्कत, बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रेलवे फाटक बंद होने से बोर्ड परीक्षार्थियों को आ रही दिक्कत के मद्देनजर बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने रविवार को रेल मंत्री भारत सरकार को संबोधित एक ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा है।

जेल रोड और भंगवा रेलवे क्रासिंग (82, 81) से होकर सैकड़ों छात्र छात्राएं प्रतिदिन आते जाते हैं। इन दिनों यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरू है। छात्रों का कहना है कि परीक्षा देने जाते समय दोनो रेलवे गेट सुबह के समय अक्सर बंद रहते हैं। जाने के लिए और कोई दूसरा रास्ता भी नहीं है। जिसके कारण वे और उनके अभिभावक गेट पर खड़े होकर उसके खुलने का इंतजार करते हैं। इस चक्कर में वे सेंटर पर पहुंचने में लेट हो जाते है। सुबह के समय घर से जल्दी निकलने पर भी उन्हें बंद क्रासिंग और बाद में उसके जाम के झाम से जूझना पड़ रहा है। बंद गेट देखकर वे तनाव में आ जाते हैं। बंद क्रासिंग की समस्या को झेल रहे बोर्ड के छात्र साहिल, अंशू वर्मा, नैंसी और साहिबा समेत कई छात्र और छात्राओं ने इस समस्या को बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के साथ साझा की। उनकी समस्या को रेल मंत्री तक पहुंचाने और इसका निदान करने के उद्देश्य से ग्रुप का एक प्रतिनिधिमंडल स्टेशन अधीक्षक शमीम अहमद से मिला। उन्हें दोनो गेट बंद होने से परीक्षार्थियों को आ रही समस्या से अवगत कराया। ज्ञापन के माध्यम से परीक्षार्थियों के सेंटर पर जाते समय सुबह गेट खोलने की मांग रेलमंत्री से की गई हैं। इसके लिए रेलमंत्री, डीआरएम को ट्वीट भी किया गया है। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधि मंडल में अश्वनी केसरवानी, वीके तिवारी, भरत यादव, राजकुमार मोदनवाल, सतेंद्र गुप्ता शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### चार आरोपियों पर पुलिस ने की निरोधात्मक कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य अलग-अलग थाना पुलिस ने 4 लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की है अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में मंझनपुर पश्चिम शरीरा कड़ाधाम और सराय अकिल थाना पुलिस ने एक एक व्यक्तियों पर कुल 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है।

### 97 वाहनों का पुलिस ने किया ई चालान

**कौशाम्बी।** वाहन चेकिंग के दौरान जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें 97 वाहनों पर ई चालान की कार्रवाई पुलिस ने की और एक वाहन से पुलिस ने जुमार्ना वसूला है वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को पुलिस द्वारा चेक किया गया।

# कुल्हाड़ी से प्रहार कर युवक की खेत में हत्या, आधे घंटे बाद घर में की लूटपाट

**घटनास्थल पर छूटे तमाम अहम साक्ष्य हत्यारों तक पहुंचाने में पुलिस की कर सकते हैं मदद, युवक की हत्या के बाद उसके घर पहुंचे हत्यारों ने मृतक की पत्नी को दिया हत्या का संदेशा**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** खेत की रखवाली करने गए एक दलित युवक पर ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी से वार कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गयी है हत्या करने के बाद हमलावर दलित युवक के घर पहुंचे और उसकी पत्नी से युवक की हत्या कर दिए जाने की बात बताते हुए घर में जमकर लूटपाट की है बेखौफ अपराधियों के तांडव से परिवार सहित गांव में दहशत का माहौल है जानकारी मिलते ही गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंचे हैं मामले की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस पहुंची है और युवक को अस्पताल लेकर गई जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटनास्थल पर तमाम अहम साक्ष्य छूट गए हैं जो हत्यारो तक पहुंचाने में पुलिस की मदद कर सकते हैं। घटनाक्रम के मुताबिक कौशांबी थाना क्षेत्र के बारम्बरी गांव निवासी शिवकुमार पासी उम्र लगभग 26 वर्ष पुत्र बिंदेश्वरी प्रसाद पासी खेत की फसलों की रखवाली करने खेत पर चले जाते हैं शुक्रवार की रात्रि घर से खाना खाने के बाद शिव कुमार पासी खेत की रखवाली करने गए थे मौनी बाबा मंदिर के पास खेत की रखवाली करने के दौरान शिव कुमार पासी पर योजनाबद्ध तरीके से हत्यारों ने ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी से हमला कर उनकी हत्या कर दी बेखौफ हत्यारे खेत पर शिवकुमार की हत्या करने के बाद शिवकुमार के घर पहुंचे और शिव कुमार की पत्नी से बताया कि तुम्हारे पति की हत्या कर दी है इस बात को उसकी पत्नी ने पुलिस और ग्रामीणों के सामने भी कबूल किया है 10:00 बजे रात हत्या करने के आधे घंटे बाद शिव कुमार के घर हत्यारो ने जमकर तांडव मचाया घर का सामान उलट पलट दिया है लूटपाट करने का प्रयास किया परिजनों का कहना है कि काफी सामान हमलावर उठा ले गए हैं घर में लूटपाट की जानकारी मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो उन्हें मालूम हुआ कि शिवकुमार की खेत में आधा घंटे पहले हत्या हो चुकी है मामले की सूचना पुलिस को दी गई ग्रामीण भी खेत पहुंचे शिवकुमार को अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटनास्थल पर तमाम अहम साक्ष्य छूट गए हैं जो हत्यारो तक पहुंचाने में पुलिस की मदद कर सकते हैं।


हत्या के बाद घर पर लगी ग्रामीणों की भीड़ तथा इन्सेट में मृतक की फाइल फोटो


हत्या लूट के बाद घर में बिखरा सामान

### घटनास्थल पर मिला 6 महीना पुराना पत्र

**कौशांबी।** खेत की रखवाली करने गए शिव कुमार पासी की हत्या के बाद घटनास्थल पर एक पत्र मिला है इस पत्र के बारे में बताया जा रहा है कि 6 महीने पूर्व इस पत्र को लेकर विवाद हो चुका है पंचायत भी हुई है लेकिन बाद में मामला रफा-दफा हो गया है जब यह पत्र शिव कुमार के पास मौजूद था तो 6 महीने बाद घटनास्थल पर वह पत्र लेकर क्यों गया था और शिवकुमार पत्र लेकर जाता तो उसकी जेब में पत्र मिलता लेकिन पत्र घटनास्थल पर पड़ा था जिससे आशंका जताई जा रही है कि पत्र हत्यारों के हाथों तक पहुंचा होगा और हत्यारों ने घटना को दूसरी दिशा में मोड़ने के मकसद से घटनास्थल पर पुराना पत्र फेंक कर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया होगा अब सवाल उठता है कि यदि पत्र मृतक शिवकुमार के घर पर मौजूद था तो वह पत्र हत्या के पूर्व हत्यारों तक कैसे पहुंचा है यह बहुत बड़ी जांच का विषय है और घटनास्थल मिले पत्र के मामले को पुलिस अधिकारियों ने गंभीरता से लिया तो हत्यारो तक पहुंचने में पुलिस को मदद मिलेगी।

### हत्या के तुरन्त बाद लूटपाट करना खड़ा कर रहा सवाल

**कौशांबी।** शिव कुमार पासी की हत्या करने के आधे घंटे बाद उसके घर में हत्यारो द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम दिए जाने के बाद तमाम अहम सवाल छूट गए हैं हत्यारे हत्या करने के बाद भागने का प्रयास करते हैं लेकिन इस मामले में हत्यारों ने खुद उसकी पत्नी को शिवकुमार की हत्या का संदेश देने उसके घर गए हैं आखिर शिव कुमार की पत्नी पति की हत्या का संदेशा क्या पूर्व से सुनना चाहती थी जिससे शिव कुमार की हत्या करने के बाद हत्यारे हत्या की सूचना देने उसकी पत्नी के पास गए थे और लूटपाट करने लगे हत्या के बाद लूटपाट की कहानी के बिंदु पर भी पुलिस अधिकारियों ने गंभीरता से जांच कराई तो हत्यारों तक पहुंचने में पुलिस को मदद मिलेगी।

# पूरे जिले में धूमधाम से भक्तों ने मनाया महा शिवरात्रि का पर्व





अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** महाशिवरात्रि का पर्व पूरे जिले में बड़ी धूमधाम से मनाया गया है जनपद मुख्यालय मंझनपुर सहित भरवारी सिराथू सराय अकिल मनौरी चरवा पूरा मुफ्ती अझुवा सैनी दारा नगर कड़ा धाम मूरतगंज करारी पश्चिम सरीरा कुमिहावा तिल्हापुर मोड़ विजिया चौराहा नेवादा सहित जिले के बिभिन्न कस्बा नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों की भारी भीड़ लगी रही हर्ष उल्लास उमंग के साथ महाशिवरात्रि का पर्व पूरे जिले में मनाया गया शिव मंदिरों में सुबह से ही शिव पूजा करने वाले महिला पुरूष भक्तों की भीड़ लगी रही बेलपत्र दूध दही शहद धतूरा आम का बौर चना का होरा धतूरा का फूल मदार का फूल बेल भांग गंगाजल पुष्पमाला आदि पूजन सामग्री से शिव भक्तों ने शिव की पूजा की है शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों ने भगवान शिव को पूजन सामग्री अर्पित कर धूप दीप नैवेद्य यज्ञ हवन आरती मिष्ठान से विधि विधान से शिव पार्वती की पूजा अर्चना की है पूजन के बाद शिव भक्तों ने देश के कल्याण की कामना प्रभु से की है जिले के तमाम शिव मंदिरों में शिव भक्तो ने कीर्तन भजन का आयोजन भी किया है तमाम शिव मंदिरों में ठंडाई भांग का भी आयोजन भक्तों ने बड़ी धूमधाम से किया है तमाम शिव मंदिरों में सैकड़ों भक्तों ने ठंडाई भांग का प्रसाद ग्रहण किया महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर पूरे जिले की पुलिस फोर्स लगातार भ्रमण करती रही और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती रही मंझनपुर मुख्यालय सहित विभिन्न नगरों में शिव भक्तों ने बड़े धूमधाम से डीजे की धुन के साथ शिव बारात निकाली है सैकड़ो नगरवासी बारात में शामिल होकर नृत्य करते हुए बारात की शोभा बढ़ा रहे थे जगह-जगह शिव बारात का स्वागत नगर वासियों ने किया है रास्ते भर प्रसाद का वितरण शिव भक्तों द्वारा किया गया है पूरे जिले में हर्ष उल्लास उमंग के साथ शांतिपूर्ण तरीके से महाशिवरात्रि का पर्व संपन्न हो गया है।

### महाशिवरात्रि पर्व पर गंगा स्नान के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

**कौशांबी।** महाशिवरात्रि के पर्व पर शिव मंदिरों में पूजन अर्चन के पूर्व गंगा नदी के पवित्र जल में स्नान करने के लिए भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी है जिले में विभिन्न गंगा घाटों पर भक्तों ने गंगा नदी के पवित्र जल में डुबकी लगाई है इसी तरह यमुना नदी के विभिन्न घाटों में भी भक्तों ने यमुना के पवित्र जल में डुबकी लगाई है गंगा और यमुना नदी के विभिन्न घाट में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शनिवार के दिन भोर से ही गंगा स्नान करने वाले महिला पुरुष के साथ-साथ बूढ़े बच्चों की भीड़ लगी रही दोपहर तक गंगा यमुना के घाट में स्नान करने वाले भक्तों का आना जाना लगा रहा गंगा स्नान करने के बाद भक्तों ने शिवालय में धूप दीप नैवेद्य पूजन सामग्री प्रसाद अर्पित कर विधि विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चन कर देश के कल्याण की कामना की गंगा यमुना नदी में स्नान करने के चलते सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को लेकर पूरे जिले की पुलिस गंगा यमुना के घाट से लेकर पूरे दिन चौराहों और प्रमुख नगर क्षेत्र में व्यवस्था का संचालन करने में ब्यस्त रही जिससे कहीं किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हो सकी।





## कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम में महाशिवरात्रि पूजा संपन्न

**विजिया कौशाम्बी।** ऐतिहासिक स्थल कौशाम्बी खास में ऐतिहासिक प्राचीन कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम जोटका तालाब में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया है सुबह से ही मंदिर में महिला पुरुष भक्तो ने पूजा अर्चना की है आयोजक बाबा बुद्धन दास ने महाशिवरात्रि के पवन अवसर पर 24 घंटे रुद्राभिषेक एवं ॐ नमः शिवाय का जाप शरबत का भंडारा और सभी शिव भक्तों को फलाहार भंडारा कार्यक्रम रखा है इस कार्यक्रम में सक्षम युवा विकास फाउंडेशन उत्तर प्रदेश जनपद कौशाम्बी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम में मंदिर के संस्थापक बाबा बुद्धनदास संरक्षक एवं सक्षम युवा विकास फाउंडेशन उत्तर प्रदेश जनपद कौशाम्बी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ,कोषाध्यक्ष कौशिक अग्रहरि,अंकित केशरवानी,मंत्री कलीम हसन,सचिव मानिकचंद्र अग्रहरि, एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु कौशाम्बी थाना के सिपाही के साथ साथ स्थानीय एवं बाहरी शिव भक्त मौजूद रहे।

## एक रात में 4 घरों से लाखों का सामान उठा ले गए चोर

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ऊनो गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने चार घरों में सेंधमारी की और लाखों का सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार के लोगों को सुबह हुई तो गांव में अफरातफरी मच गई। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने छानबीन करते हुए पीड़ित परिवार से तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दिया। उधर एक ही रात में चार घरों में चोरी होने की वजह से गांव में सनसनी पैष्ठल गई है। मंझनपुर थाना क्षेत्र के ऊनो निवासी अरुण प्रकाश तिवारी शुक्रवार की रात परिवार के साथ घर के भीतर सो रहा था। आधी रात घर के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर भीतर घुसे चोर कमरे में रखा बक्सा घर के बाहर लेकर तोड़ा। उसमें से 35 हजार रुपये नकदी के साथ आधा किलो चांदी के जेवरात पार कर दिया। यहां के बाद चोरों ने गांव के मुन्नू व बब्बू और पड़ोसी के घर सेंधमारी कर करीब एक लाख का सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार के लोगों को सुबह हुई। घर का बिखरा सामान देख पीड़ित परिवार अवाक रह गया। एक ही रात चार घरों में लाखों की चोरी की जानकारी होते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। गांव पहुंची पुलिस ने छानबीन कर पीड़ित परिवार से तहरीर लेकर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। एक ही रात चार घरों में हुई चोरी के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्त नहीं होने से चोर आए दिन मकान व दुकान खंगाल रहे है। वही पीडितों का कहना है, कि शनिवार की देर शाम तक उनकी तहरीर पर चोरी की एफआईआर दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस सिर्पष्ठ जांच करने की बात कर रही है। जब चोरी की घटना हुई है, तो उनकी तहरीर पर केस क्यों दर्ज नहीं किया जा रहा है। आखिर पुलिस ने चोरी की एफआईआर क्यों नहीं कर रही है। गांव में अगर पुलिस गश्त होती तो एक ही रात इतनी बडी चोरी की वारदात को बदमाश अंजाम नहीं देते। इंस्पेक्टर संतोष शर्मा ने बताया कि चार घरों में सेंधमारी हुई है। मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द की घटना का पदार्फाश किया जाएगा।

# टूट कर गिरी हाईटेंशन तार तीन सगी बहने गंभीर झुलसीं

अखंड भारत संदेश

**विद्युत विभाग के अधिकारियों की एक बार फिर उजागर हुई बड़ी लापरवाही**


बालिकाओं का हाल जानने अस्पताल पहुंचे ग्रामीण

**करारी कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के थाना करारी अन्तर्गत ग्राम रसूलपुर सोनी में शनिवार को हाईटेंशन विद्युत तार 11000 लाइन लाईट का अचानक टूट कर खेत मे लगे सुरक्षा तार से चिपक गया जिससे किसान सियाराम के खेत में विद्युत करंट पर आया खेत के सुरक्षा तार में हाई वोल्टेज विद्युत तार चिपक जाने और खेत में विद्युत करंट उतर आने से खेत में काम कर रही एक घर की तीन सगी बहने विद्युत करंट की चपेट में आ गयी जिससे तीनों बहने गंभीर रूप से झुलस गई हाई वोल्टेज विद्युत तार टूट कर गिर जाने के बाद तीन बहनों के विद्युत करंट की चपेट में आने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग को सूचना देकर विद्युत सप्लाई बंद कराई मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से झुलसी तीनों बहनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां गंभीर अवस्था में तीनों बहनों का इलाज चल रहा है हाईटेंशन विद्युत तार टूट कर गिर जाने के बाद एक बार फिर विद्युत विभाग के भ्रष्टाचार और लापरवाही उजागर हुई है लेकिन इस गंभीर प्रकरण के बाद भी अभी तक विद्युत विभाग के अधिकारियों ने अवर अभियंता के ऊपर मुकदमा दर्ज करा कर उन्हें निलंबित करने का प्रयास शुरू नहीं किया है जिससे विद्युत विभाग के अधिकारियों के कार्यों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के रसूलपुर सोनी गांव में किसान सियाराम की तीन बेटियां नीता देवी पूनम देवी नीलम देवी खेत में काम कर रही थी इसी बीच हाई वोल्टेज 11000 लाइट का विद्युत तार टूट कर उनके खेत में लगे सुरक्षा तार के ऊपर गिर गया जिससे खेत में लगे सुरक्षा तार में भी हाई वोल्टेज विद्युत करंट उतर आया और पूरे खेत में विद्युत करंट फैल गया जिससे खेत में काम कर रही तीनों सगी बहने नीता देवी पूनम देवी नीलम देवी विद्युत करंट की चपेट में आ गयी और गंभीर रूप से झुलस गई चीख-पुकार सुनकर आसपास खेत में काम कर रहे किसान और ग्रामीण मौके पर पहुंचे मामले की सूचना विद्युत अधिकारियों को देकर विद्युत सप्लाई बंद करने की गुजारिश की गई विद्युत सप्लाई बंद होने के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल तीनों बहनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां तीनों बहनों की हालत गंभीर बताई जाती हैं हाई वोल्टेज विद्युत तार टूटकर गिरने के बाद एक बार फिर विद्युत अधिकारियों की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है क्या विद्युत अधिकारियों के इस बड़ी लापरवाही के मामले को जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री संज्ञान लेकर विद्युत अधिकारियों पर इस गंभीर घटना का मुकदमा दर्ज कराते हुए विभाग के भ्रष्टाचार की जांच कराकर दोषी अधिकारियों को दंडित करने का प्रयास करेंगे।

## न्यूज झरोखा

### पुलिस टीम पर हमला करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**कौशांबी।** अपराधियों की धरपकड़ करने सैनी कोतवाली पुलिस दो दिन पहले मोहब्बत पुर पइंसा थाना क्षेत्र के थौंन गांव गयी थी जहाँ पुलिस टीम को देखकर ग्रामीणों ने ईट पत्थर लाठी-डंडे से पुलिस टीम पर हमला कर दिया था जिसमें कई सिपाही घायल हुए थे मामले में पुलिस ने 21 हमलावर नामजद और कुछ अज्ञात लोगो के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर 6 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था तमाम अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए थे जिनकी तलाश पुलिस कर रही थी सैनी कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक ने पुलिस टीम पर हमला करने वाले संतोष कुमार पुत्र मैकू लाल निवासी थौंन को बीती रात गिरफ्तार कर लिया है और लिखा पढ़ी करने के बाद आरोपी संतोष कुमार को अदालत में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### रेप के वांछित आरोपी को कड़ा धाम पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बालिका से रेप करने के बाद आरोपी युवक फरार हो गया था पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध रेप की धारा सहित तमाम अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी कड़ा धाम कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक सुनील यादव ने रेप की घटना में वांछित आरोपी गोपीनाथ गौतम पुत्र कल्लू गौतम निवासी सौरई बुजुर्ग थाना कड़ा धाम को गिरफ्तार कर लिया है और लिखा पढ़ी करने के बाद रेप के वांछित आरोपी को पुलिस ने अदालत में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### नाबालिग बालिका से रेप के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बालिका का अपहरण कर उसके साथ रेप किए जाने की घटना में महेवाघाट पुलिस ने आरोपी आदेश कुमार पुत्र भारत सिंह निवासी बुलाकी पुर थाना सिविल लाइन जनपद इटावा के बिरुद्ध रेप सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर रेप के आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी महेवा घाट थाना के उपनिरीक्षक श्रवण कुमार सिंह ने रेप के आरोपी आदेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया और लिखा पढ़ी करने के बाद गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया है जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### गांव से गायब सफाई कर्मी स्कूल समेत बजबजा रहा गांव

**कौशांबी।** मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहादुरपुर में साफ सफाई के लिए पंचायत विभाग द्वारा तैनात किया गया सफाई कर्मी गांव छोड़कर फरार हो गया है जिससे पूरे गांव की गलियों में गंदगी व्याप्त है जगह-जगह नालियां बजबजा रही है नालियों का गंदा पानी कीचड़ गलियों में बह रहा है लेकिन उसके बाद भी सफाई कर्मी द्वारा गांव की सफाई नहीं की जा रही है पूरे गांव में कभी झाड़ू नहीं लगाया जाता है सफाई कर्मी की उदासीनता का आलम यह है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर कक्षा 1 से 8 तक में बनाए गए शौचालय की सफाई करने सफाई कर्मी कभी नहीं पहुंचता है विद्यालय के शौचालय मल मूत्र और गंदगी से भरा रहता है स्कूल के शौचालय के आसपास खड़े होना भी मुश्किल है स्कूल की छात्राओं और शिक्षिकाओं को मल मूत्र त्याग करने में शर्मसार होना पड़ रहा है स्कूल में भी कभी साफ सफाई करने सफाई कर्मी नहीं पहुंचता है पंचायत भवन और सामुदायिक भवन की भी साफ-सफाई करने सफाई कर्मी नहीं पहुंचता है आखिर जब सफाई कर्मी ने ग्राम की नाली गली स्कूल के शौचालय मूत्रालय पंचायत भवन सामुदायिक भवन में साफ सफाई करना बंद कर दिया है तो उसकी उपस्थिति दर्ज करके सफाई कर्मी को प्रत्येक महीने वेतन दिलाने में किसकी मेहरबानी बनी है।

### खुद तो बेरोजगार और बांट रहे हैं नौकरी ....

**कौशांबी।** इन दिनों जिले में ठगों का एक गिरोह नौकरी देने के बहाने बेरोजगारों से वसूली करने में लगा है 3 दिन पहले पिपरी थाना क्षेत्र के चायल में गिरोह के सदस्यों ने कैंप लगाकर नौकरी बांटना शुरू किया था मामले की शिकायत पुलिस अधिकारियों से हुई नौकरी बांटने वाले गिरोह के सदस्यों की जांच करने पिपरी पुलिस पहुंची लेकिन अपना टेंट उखाड़कर गिरोह के सदस्य गायब हो गए गायब होने के पहले सैकड़ों लोगों का फार्म भराने के नाम पर उनसे वसूली कर ली है सोमवार के दिन फिर मंझनपुर कोतवाली के ओसा मंडी समिति के पास ठग गिरोह के सदस्यों ने नौकरी बांटने का कैंप लगाया था तमाम लोग एकत्रित हुए कुछ लोगों से फार्म के नाम पर तीन सौ रुपए ले लिए हैं और कुछ लोगों को फोन नंबर दे कर अपने ऑफिस में बुला लिया है ठगी का खेल बेखौफ तरीके से चल रहा है बताया जाता है कि खुद बेरोजगार हैं और नौकरी का झांसा देकर बेरोजगारों से फार्म के नाम पर वसूली कर रहे हैं बेरोजगारों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए ठग गिरोह पर कार्यवाही की मांग की है।

# 3 दिन पूर्व सरकारी स्कूल का लिंटर गिरने से मौत के बाद भी नहीं चेते अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**सिराथू ब्लाक के ककोढा में शिकायत के बाद बंद हुआ नाला निर्माण फिर घटिया ईट से हुआ शुरू, बीडीओ सिराथू की संलिप्तता से घटिया निर्माण पर योगी सरकार भी नहीं लगा पा रही रोक**



**कोखराज कौशाम्बी।** जिले में भ्रष्टाचार की जड़े कितनी मजबूत है कि 3 दिनों पूर्व भाड़ेसर ग्राम सभा में सरकारी स्कूल के निमार्णाधीन बिल्डिंग का लिंटर छत गिर जाने से एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई और एक मजदूर जीवन मौत से जूझ रहा है इस मामले ने सरकारी कार्यों के भ्रष्टाचार में अधिकारियों के साठगांठ की जड़े खोलकर रख दी है इस मामले में भी मजदूरों की मौत ना हुई होती तो शायद ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश ना होता आखिर मौत के पूर्व घटिया निर्माण पर क्यो नहीं रोक लगाई जाती है यह अधिकारियों की निष्ठा पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है लेकिन सरकारी स्कूल के लिंटर की छत गिर जाने के बाद मजदूरों की मौत के मामले को अधिकारियों ने शायद गंभीरता से नहीं लिया है वरना पूरे जिले के घटिया निर्माण के कार्यों पर रोक लग गई होती लेकिन मजदूर की मौत के बाद भी जिले में सरकारी कार्य में घटिया निर्माण नहीं रुक सका है जिधर देखो उधर ठेकेदार घटिया निर्माण में लगे हुए हैं और शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं हो रही है इससे अधिकारियों की ड्रामेबाजी का अंदाजा लगाया जा सकता है। सरकारी निर्माण कार्यों में धांधली मानक विहीन घटिया निर्माण का ताजा उदाहरण देखना है तो आपको सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ककोढा चलना होगा जहां क्षेत्र पंचायत निधि से नाला का निर्माण कराया जा रहा है नाला निर्माण में घटिया क्वालिटी के तीसरे दर्जे के पीले ईट का प्रयोग हो रहा था जिस पर एक सप्ताह पूर्व मुख्यमंत्री से शिकायत हुई मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद नाला का निर्माण रोक दिया गया और नाला निर्माण की क्वालिटी गुणवत्ता की जांच शुरू करा दी गई लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों ने पीले ईट से निर्मित हो रहे नाले के निर्माण को गुणवत्तापूर्ण बताते हुए नाले का निर्माण फिर शुरू करा दिया जिससे ब्लाक के अधिकारियों की ठेकेदार से संलिप्तता का अंदाजा लगाया जा सकता है पहले कराया गया घटिया क्वालिटी की ईट से नाले के निर्माण के बाद ठेकेदार पर मुकदमा नहीं दर्ज कराया गया जिससे ठेकेदार के हौसले बुलंद रह गए। अधिकारियों से सांठगांठ कर उसने पूर्व में हुए नाला निर्माण को गुणवत्ता पूर्ण करार देने में सफलता प्राप्त कर लिए और एक सप्ताह के अधिकारियों के लुका छुपी के खेल के बाद फिर तीसरे दर्जे की घटिया क्वालिटी के पीले ईट से नाले का निर्माण शनिवार छुट्टी के दिन शुरू कर दिया गया घटिया क्वालिटी के नाला निर्माण की शिकायत योगी सरकार से किए जाने के बाद नाला का निर्माण रोक दिए जाने के बाद अर्ध निर्मित नाले को ध्वस्त करा कर ठेकेदार से रिकवरी नहीं कराई गई और पूर्व के घटिया निर्माण के ऊपर फिर घटिया निर्माण शुरू हो गया एक सप्ताह बाद फिर उसी घटिया नाला निर्माण पर घटिया क्वालिटी के तीसरे दर्जे के पीले ईट से नाला का निर्माण पूरा करने में जोर शोर से ठेकेदार लगे हैं। नाला निर्माण में लगने वाली ईट देखने से ही पीला ईट घटिया क्वालिटी की दिखाई पड़ रही है योगी सरकार से शिकायत के बाद भी नाला का निर्माण ना रुक पाना पूर्व के निर्माण को ना ध्वस्त किया जाना भ्रष्टाचार में अधिकारियों की ठेकेदार से साठगांठ की गहराई का बखान कर रही है योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के दावे की कौशांबी में धज्जियां उड़ रही है शिकायत के बाद भी आला अधिकारी मामले को संज्ञान नहीं ले रहे हैं आखिर घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदारों के इन अधिकारियों के क्या रिश्ते हैं जिससे घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदारों को लगातार बचाने का प्रयास किया जा रहा है एक दो बार शिकायत के बाद भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों और ठेकेदारों पर मुकदमा दर्ज करा कर ठेकेदारों की गिरफ्तारी कराया जाना और सरकारी रकम की रिकवरी कराए जाने का प्रयास बड़े अधिकारियों द्वारा नहीं हो रहा है जिससे घटिया निर्माण की बाढ़ आ गई है बड़े स्तर पर घटिया निर्माण की जांच करा कर खंड विकास अधिकारी सिराथू को निलंबित कर उन पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग ग्रामीणों ने योगी सरकार से की है साथ ही साथ ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज कराकर उसकी गिरफ्तारी कराए जाने की मांग आम जनमानस ने की है।

संपादकीय

## बीबीसी पर कार्रवाई और लोकतंत्र की नींव

बीबीसी के दिल्ली और मुंबई स्थित दफ्तरों में आयकर विभाग के सर्वे का काम गुरुवार 16 फरवरी को इन पंक्तियों के लिखे जाने तक जारी है। बीबीसी दफ्तरों पर 14 फरवरी से सर्वे का काम शुरू हुआ था और लगभग 48 घंटे के बाद भी शायद अधिकारियों के हाथ ऐसा कोई सबूत नहीं लगा, जिसके आधार पर बीबीसी पर कोई गंभीर आरोप लगाया जा सके। सर्वे में बीबीसी दफ्तर की न केवल तलाशी ली गई बल्कि तमाम बीबीसी पत्रकारों के फोन कई घंटे तक जब्त रहे। अधिकारियों का कहना है कि यह सर्वे अंतरराष्ट्रीय टैक्सेशन और बीबीसी सहायक कंपनियों के ट्रांसफर प्राइस निर्धारण से संबंधित मुद्दों की जांच के लिए किया जा रहा है।

आयकर अधिकारी वित्तीय लेन-देन, कंपनी संरचना और समाचार कंपनी के बारे में अन्य विवरणों पर जवाब मांग रहे हैं और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से डेटा की नकल कर रहे हैं। ध्यान देने की बात ये है कि बीबीसी कोई औद्योगिक उपक्रम नहीं है, न ही गैर-सरकारी समाजसेवी संगठन है, जिसे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सहायता मिलती है। बीबीसी एक मीडिया संस्थान है, जहां कई सूत्रों से खबरें एकत्र की जाती हैं। इन सूत्रों में कई गोपनीय होते हैं। लेकिन इस सर्वे से उन सूत्रों के उजागर होने की आशंका है, जो स्वतंत्र पत्रकारिता के लिए खतरा है। आयकर विभाग सर्वे, पूछताछ, जांच-पड़ताल जैसे सारे तकनीकी शब्द अपनी कार्रवाई के लिए इस्तेमाल कर सकता है, लेकिन उसकी यह अचानक कार्रवाई एक प्रतिष्ठित, अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थान पर छापेमारी की तरह ही देखी जा रही है। और केवल भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में इस के चर्चे हो रहे हैं।

देश में कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने बीबीसी कार्यालयों में आयकर अधिकारियों के सर्वे पर सवाल उठाए कि यह सब नरेंद्र मोदी पर डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' प्रसारित होने के बाद ही क्यों हुआ। सरकार चाहे तो इसे मासूमियत के साथ संयोग बता दे, चाहे इसे विपक्ष के आधारहीन आरोप कहे, चाहे सवाल उठाए कि बीबीसी पर कार्रवाई से उसे तकलीफ क्यों हो रही है और चाहे तो अपनी मर्जी का हवाला देते हुए कुछ भी न कहे। आखिर पहले भी कई गंभीर सवालों के जवाब देना सरकार ने जरूरी नहीं समझा। लोकतंत्र में मौन की ताकत को एक नए अंदाज में सरकार दिखा रही है।

सरकार चाहे जिस रास्ते पर चले, लेकिन दुनिया के जिन देशों में लोकतंत्र अभी सांसें ले रहा है और जहां मीडिया आजादी महसूस कर सकता है, उन देशों के मीडिया मंचों पर इस कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं। और लगभग सभी मीडिया प्रतिष्ठानों में आयकर विभाग के सर्वे को बीबीसी की डाक्यूमेंट्री विवाद से जोड़ा जा रहा है। वैसे सरकार ने इस डाक्यूमेंट्री के भारत में प्रदर्शन पर पहले ही रोक के आदेश दे दिए हैं। एक याचिका भी सुप्रीम कोर्ट में दी गई थी, जिसमें बीबीसी पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग की गई थी, लेकिन शीर्ष अदालत ने इस याचिका को 'पूरी तरह से गलत' बताते हुए खारिज कर दिया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डॉक्यूमेंट्री के लिंक को ब्लॉक करने के सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अप्रैल में सुनवाई होनी है और इस पर क्या फैसला होता है, ये देखना दिलचस्प होगाबीबीसी पर आयकर की कार्रवाई के प्रकरण से विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की स्थिति पर क्या फर्क पड़ेगा, ये भी गौरतलब रहेगा। वैसे पिछले साल 2022 में जो रैंकिंग आई थी, उसमें भारत 180 देशों में 142वें में से आठ पायदान गिरकर 150वें स्थान पर आ गया था।

## बिन खराटों के दुनिया विपन्न है

**सुनील कुमार महला,**

आपको पता है दुनिया में सबसे मीठी चीज क्या है ? अजी ! चीनी, गुड़, चॉकलेट-वॉकलेट, मिठाई-सिठाई नहीं। मोबाइल और सोशल मीडिया भी नहीं। दुनिया में सबसे मीठी चीज है-'खराटे।' इंटरनेशनल हाउसवेयर्स एसोसिएशन द्वारा जनवरी में 2200 अमेरिकियों पर किए गए सर्वे में यह बात सामने आई है कि 'खराटों' से 21 फीसदी जोड़ों( कपल्स) के रिश्ते बेहतर हुए हैं। कितनी अच्छी बात है, एकल परिवार के इस युग में खराटे रिश्तों को बेहतर बना रहे हैं। हों भी क्यों न, आखिर खराटे ध्यान की परम् अवस्था है। यदि किसी को खराटे आते हैं तो इसका मतलब यह है कि वह आदमी अपनी जिंदगी में पूर्णतया 'निश्चिंत' है। उसे किसी प्रकार का कोई 'अवसाद' या 'तनाव' नहीं है। खराटे तो 'आत्मा' का 'परमात्मा' से मिलन है। मोक्ष की प्राप्ति है। हमारे ऋषि-मुनियों ने मोक्ष प्राप्त करने के लिए इतनी कड़ी तपस्या की, फिर भी बहुत से 'मोक्ष' को प्राप्त नहीं कर पाये। आज आदमी बिना कड़ी तपस्या के यदि मोक्ष प्राप्ति( खराटों में) में लीन है तो इससे बेहतर और भला क्या हो सकता है ? आज 'संतोषम् परमं सुखम्' नहीं है, 'खराटा परमं सुखम्' है। खराटों के सुख ही सुख हैं। आजकल चोरियां बहुत होतीं हैं। आदमी ट्रैक्टर, बुलेट मोटरसाइकिल, बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज, फेरारी, पराडो की तरह खराटों से आवाज निकालता है तो बेचारे चोर 'नौ दो ग्यारह' हो जाते हैं। चोर सोचते हैं कि मालिक अभी तक जाग रहा है।

गले का पिछला हिस्सा जब संकरा हो जाता है और ऑक्सीजन जब उस रास्ते से होकर जाती है तब आसपास के टिशू वाईब्रेट करने लगते हैं, तो बेचारे चोर सोचते हैं कि भूकंप आ गया, अब भागना ही ठीक है। वैसे, खराटों को यदि नींद की 'परम् विकास यात्रा' की संज्ञा भी दी जाए तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। मोटरसाइकिल हो या फेरारी,ट्रैक्टर हो या मर्सिडीज खराटों की खास बात यह है कि नींद में 'सबका साथ,सबका विकास' की धारणा फलीभूत होती है। कोई भी पीछे नहीं छूटता है। खराटों का विजन बड़ा क्लीयर है, घर में अशांति( अवसाद, तनाव के बीच) में शांति( खराटे), चोर-उच्कों में रहता हरदम 'फीयर' है। अजी ! कुंभकर्ण जी खराटों की दुनिया के उस्ताद थे। राजा रावण के भाई, रामायण के बड़े 'पात्र'( करेक्टर) थे। यह गलत है कि लोग यूं ही कुंभकरण जी को अकर्मण्य, निष्क्रिय व बड़ा असंवेदनशील कहते हैं। यदि कुंभकर्ण अकर्मण्य, निष्क्रिय व असंवेदनशील होते तो 'कुंभकर्णी नींद' मुहावरा बनना असंभव था। कुंभकर्ण में 'नींद में खराटे ' लेने की बड़ी क्रिएटिविटी थी, तभी यह मुहावरा बन पाया। आज तलक 'खराटों' पर तभी कोई दूसरा मुहावरा न बन पाया। चायना बॉर्डर पर आज बीस-पचास खराटा सूबेदारों की जरूरत है। इससे खुर्राट चाइना भी घबराएगा। फेंसिंग तोड़कर इधर कभी न आ पाएगा। चीन बड़ा अशालीन है और एक अशालीन को अशालीन की जरूरत ही होती है। वो कहते हैं न कि 'चोर-चोर मौसेरे भाई।' अपनी दबी-कुचली अशालीनता, बदतमीजी को जब बाहर निकालेंगे।

# अमरीका में अगला राष्ट्रपति चुनाव क्या कमला हैरिस बनाम निक्की हेली होगा?





**नीरज कुमार दुबे**

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की भारतवंशी नेता निक्की हेली ने 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अपनी दावेदारी के लिए औपचारिक रूप से अभियान की शुरूआत कर दी है। इसके साथ ही, उन्होंने एक समय अपने नेता रहे और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुकाबले खुद को एक युवा और नये विकल्प के रूप में पेश किया है। वर्तमान में कमला हैरिस अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अभी यह साफ नहीं किया है कि वह दोबारा राष्ट्रपति चुनाव लड़ेंगे या नहीं इसलिए माना जा सकता है कि कमला हैरिस भी राष्ट्रपति चुनाव में उतर सकती हैं। ऐसे में यदि कमला हैरिस और निक्की हेली के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए मुकाबला होता है तो वह बड़ा रोचक होगा क्योंकि दोनों ही भारतीय मूल की अमेरिकी हैं।

जहां तक निक्की हेली की बात है तो आपको बता दें कि 51 वर्षीय यह अमेरिकी राजनीतिज्ञ दक्षिण कैरोलिना की दो बार गवर्नर रही हैं और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत रह चुकी हैं। उन्होंने इस सप्ताह दक्षिण कैरोलिना में एक कार्यक्रम के दौरान अपने उत्साहित समर्थकों को संबोधित करते हुए घोषणा की कि एक मजबूत अमेरिका के लिए, एक गौरवशाली अमेरिका के लिए, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हो गई हूं। उन्होंने कहा, जब अमेरिका उतार-चढ़ाव से गुजरता है, तो दुनिया कम सुरक्षित हो जाती है और आज, हमारे दुश्मन सोचते हैं कि अमेरिका का युग बीत चुका है। लेकिन वे गलत हैं। निक्की हेली ने कहा, अगर हम 20वीं सदी के राजनेताओं पर भरोसा करते रहे तो हम 21वीं सदी की लड़ाई नहीं जीत पाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं अप्रवासियों की बेटी के रूप में, एक लड़ाकू योद्धा की गौरवमयी पत्नी के रूप में और दो अद्भुत बच्चों की मां के रूप में आपके सामने खड़ी हूं।

निक्की हेली ने कहा है कि अमेरिकियों को देश में नयी पीढ़ी के नेता की जरूरत है। हेली ने अमेरिका में युवा नेतृत्व की वकालत करते हुए कहा, ह्यह्यहमने कई नेताओं को देखा है जिन्होंने पूर्व में हमारा नेतृत्व किया है। हमें कांग्रेस में कार्यकाल की सीमाएं रखनी होंगी। हमें 75 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी निर्वाचित अधिकारी के लिए योग्यता परीक्षण कराने की आवश्यकता है।

हम आपको बता दें कि उनकी इस औपचारिक घोषणा का यह मतलब है कि वह उम्मीदवारी हासिल करने के लिए 76 वर्षीय डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ प्रतिस्पर्धा में शामिल होने वाली पहली दावेदार होंगी। उल्लेखनीय है कि हेली और ट्रंप, दोनों रिपब्लिकन पार्टी से हैं। राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया में शामिल होने से पहले निक्की हेली को रिपब्लिकन पार्टी की ह्यप्रेसीडेंशियल प्राइमरीह्ल में जीत हासिल करनी होगी, जो अगले साल जनवरी में होने का कार्यक्रम है। हम आपको यह भी बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पांच नवंबर, 2024 को होना है।

जहां तक निक्की हेली के परिचय की बात है तो आपको बता दें कि निक्की उर्फ निमरत निक्की रंधावा का जन्म प्रवासी पंजाबी सिख परिवार में हुआ था। निक्की हेली का जन्म सिख माता-पिता अजीत सिंह रंधावा और राज कौर रंधावा के यहां हुआ था, जो 1960 के दशक में पंजाब से कनाडा गए और फिर अमेरिका आकर बस गए थे। निक्की हेली एक सिख महिला के तौर पर बड़ी हुईं, लेकिन 1996 में माइकल हेली से शादी के बाद उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया। अमेरिका में अपने जीवन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, मेरे माता-पिता ने बेहतर जीवन की तलाश में भारत छोड़ा। वे यहां बामबर्ग, साउथ कैरोलिना में बसे, जिसकी आबादी 2,500 थी। हमारा छोटा शहर हमसे प्यार करने लगा, लेकिन यह हमेशा आसान नहीं था। हमारा परिवार एकमात्र भारतीय परिवार था। कोई नहीं जानता था कि हम कौन थे, हम क्या थे, या हम यहां क्यों आए थे। उन्होंने कहा, लेकिन मेरे माता-पिता जानते थे। और हर दिन, उन्होंने मुझे, मेरे भाइयों और मेरी बहन को याद दिलाया कि हमारे सबसे बुरे दिन में भी, हम अमेरिका में रहने के लिए धन्य हैं। वे तब सही थे- और वे अब भी सही हैं। मेरे माता-पिता एक ऐसे देश में आए थे जो ताकतवर बन रहा था और जिसका आत्मविश्वास बढ़ रहा था।

> निक्की हेली के राजनीतिक कॅरियर की बात करें तो आपको बता दें कि जनवरी 2011 में 39 साल की उम्र में जब उन्होंने गर्वनर का पदभार ग्रहण किया, तब वह इस पद पर आसीन होने वाली अमेरिका की सबसे कम उम्र की गवर्नर थीं। उन्होंने दक्षिण कैरोलिना की पहली महिला गवर्नर बनकर इतिहास रचा था।

निक्की हेली एक समझदार राजनीतिज्ञ भी हैं क्योंकि उन्होंने अपने अभियान की शुरूआत चीन पर निशाना साधते हुए की है। उन्होंने कहा है कि तत्कालीन सोवियत संघ की तरह साम्यवादी चीन भी इतिहास के राख के ढेर में मिल जाएगा। उन्होंने 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा करने के बाद पहले सार्वजनिक भाषण में चीन को कड़ी चेतावनी दी। निक्की हेली ने कहा, आज संयुक्त राज्य अमेरिका की सशस्त्र सेना पहले से कहीं अधिक मजबूत और सक्षम है। एक मजबूत सेना युद्ध शुरू नहीं करती। एक मजबूत सेना युद्ध को रोकती है! उन्होंने कहा, हम अपने सहयोगियों इजराइल से यूक्रेन तक के साथ और ईरान और रूस में अपने दुश्मनों के खिलाफ खड़े रहेंगे। सोवियत संघ की तरह, साम्यवादी चीन इतिहास के राख के ढेर में मिल जाएगा। निक्की हेली ने कहा, चीन के तानाशाह दुनिया को कम्युनिस्ट अत्याचार में झोंकना चाहते हैं। और हम ही उन्हें रोक सकते हैं। मैं साफतौर पर कहना चाहूंगी। अगर हम 20वीं सदी के नेताओं पर भरोसा करते रहेंगे तो हम 21वीं सदी की लड़ाई नहीं जीत पाएंगे।" उन्होंने कहा, "अमेरिका असमंजस, विभाजन और आत्म-विनाश के रास्ते पर है।

निक्की हेली के राजनीतिक कॅरियर की बात करें तो आपको बता दें कि जनवरी 2011 में 39 साल की उम्र में जब उन्होंने गर्वनर का पदभार ग्रहण किया, तब वह इस पद पर आसीन होने वाली अमेरिका की सबसे कम उम्र की गवर्नर थीं। उन्होंने दक्षिण कैरोलिना की पहली महिला गवर्नर बनकर इतिहास रचा था। यही नहीं, वह दक्षिण कैरोलिना राज्य की पहली भारतीय-अमेरिकी गवर्नर भी थीं। जनवरी 2017 से दिसंबर 2018 तक, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के रूप में कार्य किया था।

वहीं निक्की हेली के बारे में भारतीय-अमेरिकी नागरिकों का मानना है कि रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली की साख अच्छी है और अमेरिका का अगला राष्ट्रपति बनने के लिए उनमें नेतृत्व की क्षमता है। निक्की हेली को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के राजदूत के तौर पर विदेश नीति का अनुभव भी है। भारतीय-अमेरिकियों को लगता है कि निक्की हेली अधिकांश मध्यमार्गियों का प्रतिनिधित्व करती हैं। वह चरमपंथी भी नहीं हैं। साथ ही जिस तरह से उन्होंने साउथ कैरोलिना का प्रतिनिधित्व किया, वह शानदार है।

वहीं दूसरी ओर, राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी हासिल करने की दौड़ में शामिल होने के बाद निक्की हेली अमेरिका के पिछले तीन राष्ट्रपति चुनाव में किस्मत आजमाने वाले भारतीय-अमेरिकी नेताओं में भी शामिल हो गई हैं। हम आपको याद दिला दें कि इससे पहले साल 2016 में बॉबी जिंदल और 2020 में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपनी किस्मत आजमाई थी। इसके साथ ही निक्की हेली उन भारतीय मूल के उन नेताओं की लंबी सूची में भी शामिल हो गई हैं जिनका वर्तमान में विश्व की महत्वपूर्ण राजधानियों में राजनीति पर प्रभाव है।

# कब होगी अडानी प्रकरण में सरकार की कार्रवाई?

**- जगदीश रत्तनानी**

विकास के इस चरण में भारत निजी क्षेत्र में विश्वास नहीं करता है। 2016-17 के लिए भारत के आर्थिक सर्वेक्षण में बताया गया है- 'भारत में (निजी क्षेत्र और संपत्ति के अधिकारों के बारे में) दोहरी वृत्ति कहीं और की तुलना में अधिक प्रतीत होती है..., ऐसा प्रतीत होता है कि भारत की बाजार विरोधी अलग-अलग मान्यताएं हैं।'

ऐसा पहले भी हो चुका है। एक व्यवसाय बढ़ता है, उसका मालिक कनेक्शन बनाता है, राजनीतिक संरक्षण हासिल करता है और सोचता है कि वह किसी भी चीज से बच सकता है। यह खेल थोड़े समय तक काम करता है। झूठे गर्व, अनुमानित संख्या और प्रचार की लहर अपने साथ अपराजेय होने की भावना लाती है। वह और बड़े दांव खेलता है; और दुनिया उस व्यक्ति को खुश करती है जिसने सफलता के तौर-तरीकों को अलग तरह से लिखा है, उसे नियमों को फिर से लिखने के लिए कहा जाता है। उसके बाद उसका साम्राज्य एकाएक ढह जाता है।

हमारे पास व्यावसायिक घोटालों की लंबी सूची है। समय के साथ घोटाले बड़े हो जाते हैं। नियमों का उल्लंघन सामान्य बात हो जाती है। यह खराब नियामक प्रणालियों द्वारा बदतर बनाए गए खराब शासन का नकारात्मक पक्ष है। इसके परिणाम हर जगह देखने को मिलते हैं, जैसे कि गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों में जो एक समय में 10 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई थीं या सार्वजनिक सेवाओं की कमजोर डिलीवरी, परियोजनाओं में देरी और नौकरशाही जो आम लोगों के लिए कम किन्तु शक्तिशाली लोगों के लिए अधिक काम करती है। यहां आश्चर्य की बात यह नहीं है कि घोटाले होते हैं या व्यवसाय कुछ लोगों में लालच और कुछ लोगों में इससे भी बदतर लालच पैदा करता है। अचम्भा इस बात का होता है कि शासन धोखेबाजों के सिरमौर द्वारा किए गए खुली आंखों से दिखने वाले घोटालों पर भी कार्रवाई करने में असमर्थ या अनिच्छुक है।

इसलिए आज अडानी प्रकरण में सवाल यह नहीं है कि राजनीतिक संगठन और राज्य कितने गहरे तक शामिल हैं जिसका जवाब एक राजनीतिक पिंग-पोंग बन जाता है, बल्कि सवाल यह है कि राज्य कितनी तेजी से अपने समर्थन को उसके खिलाफ कार्रवाई में बदल सकता है। यह इस बात का संकेत देने का समय है कि जो भी कनेक्शन हों,कम से कम जब वे खुले में आएंगे तो नियमों के भारी उल्लंघन के आरोपों की जांच की जाएगी और उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अडानी मामला अब उस मुकाम पर पहुंच चुका है जहां सरकार के पास एक विकल्प है- वह खामोश बैठ सकती है और कुछ नहीं करेगी या वह हिंडनबर्ग रिसर्च के शब्दों में, 'दुनिया के तीसरे सबसे अमीर आदमी ... कॉर्पोरेट इतिहास में सबसे बड़े धोखेबाज' कथित व्यक्ति के खिलाफ पूरी जांच कर उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करेगी। यह सोचना गलत होगा कि हिंडनबर्ग के आरोपों के बाद से मार्केट कैप में अडानी के स्टॉक में अचानक 100 अरब डॉलर तक की गिरावट आई है और जिसे सरकार के समर्थन से संभाला जा सकता है या यह धारणा भी गलत होगी कि अडानी अभी भी राजनीतिक नेतृत्व के चहेते बने हुए हैं।

निक्केई एशिया के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था में 1.2 प्रतिशत योगदान रखने वाले तथा अपनी दस सूचीबद्ध कंपनियों के जरिए 3.39 ट्रिलियन रुपये (41.1 बिलियन डॉलर) तक बढ़ रहे किन्तु विश्वसनीयता और देनदारियों के संकट का सामना कर रहे समूह के महत्व तथा उसमें मची हलचल की भयावहता और राष्ट्र के लिए इस हलचल का जो मतलब हो सकता है उसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

ध्यान देने वाली बात यह है कि भले ही निकट अवधि में शेयर बाजार बंद हो जाए लेकिन अडानी की कहानी अडानी की विफलता की नहीं है बल्कि भारत के विफल होने की है। यह एक उदारीकरण कार्यक्रम की कहानी है जो 1991 के बाद के युग की है तथा जो अपनी सीमाओं तक पहुंच गया है। इसका कारण यह है कि उदारीकरण के इस रास्ते का उन लोगों द्वारा अपहरण कर लिया गया है जो चुने हुए कुछ लोगों के लिए असफल-सुरक्षित सौदों के संरक्षण में उद्यमिता को जोखिम लेने और गले लगाने की प्रवृत्ति से सुरक्षित दांव लगाने के लिए फिर से परिभाषित करते हैं, जो हमारे समय के 'घनिष्ठ दोस्ती' वाले पूंजीपतियों को चिह्नित करते हैं।

यह वह भारत नहीं है जो आर्थिक सुधारों को बनाए रख सकता है। जो व्यवसाय सुधारों को बदनाम करते हैं और निजी क्षेत्र में भारतीयों के पहले से ही कमजोर विश्वास को कम करते हैं, वे आगे बढ़ने वाले भारत का भविष्य नहीं हो सकते हैं। यह बात फिर दोहरायी जाती है कि कृषि कानूनों के खिलाफ किया गया आंदोलन, नीति बनाने वाले संस्थानों और निजी क्षेत्र में विश्वास की अंतर्निहित कमी के विरुद्ध था जिसे कृषि व्यवसाय सौंपा जा रहा था। इसका एक उदाहरण यह था कि भाजपा नेता और पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कृषि कानूनों की खिलाफत की और सवाल उठाए कि कृषि कानूनों के आने के बाद गोदामों के लिए भूमि अधिग्रहण करने अडानी किस तरह सामने आए। ऐसा लगता है कि विकास के इस चरण में भारत निजी क्षेत्र में विश्वास नहीं करता है। 2016-17 के लिए भारत के आर्थिक सर्वेक्षण में बताया गया है- 'भारत में (निजी क्षेत्र और संपत्ति के अधिकारों के बारे में) दोहरी वृत्ति कहीं और की तुलना में अधिक प्रतीत होती है..., ऐसा प्रतीत होता है कि भारत की बाजार विरोधी अलग-अलग मान्यताएं हैं।'

संक्षेप में कहें तो अडानी ने सत्तारुढ़ ताकतों के लिए जो कुछ भी किया है, उन ताकतों को यह फैसला करना होगा कि इस गंदगी को साफ करने और कुछ दुष्ट खिलाड़ियों को बाहर करने का यही समय है। यदि ऐसे लोगों को लंबे समय तक सहा जाता है तो राष्ट्र को उसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी होगी।

यह सच है कि सिर्फ भारत में ही घोटाले नहीं होते। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में भी बड़े-बड़े घोटाले हुए हैं- उस लंबी सूची में से कुछ नाम थेरानोस, मैडॉफ, एनरॉन के हैं। जिस तरह भारतीय मीडिया अडानी को संभालता था, उसी तरह अमेरिकी मीडिया ने एनरॉन के साथ व्यवहार किया- पहले रेड कारपेट स्वागत, फिर कचरे की टोकरी दिखा दी। अडानी के मामले में मीडिया दिग्गजों ने मीडिया बैरन बनने की कोशिश में लगे अडानी की प्रशंसा की (एक कवर स्टोरी के अनुसार, 'स्व-निर्मित अरबपति गौतम अडानी के लिए 2022 अपने स्वयं के मानकों के अनुसार भी असाधारण रहा') अब वह दिग्गज मीडिया, उस मीडिया के निशाने पर है जो अडानी से दूर रहा। तब जिन लोगों ने अडानी के बारे में सवाल उठाए थे, उन्हें उसकी कीमत चुकानी पड़ी।

# एस. अब्दुल नजीर को राज्यपाल पद दिये जाने से कुछ गंभीर सवाल तो उठे

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

सर्वोच्च न्यायालय के एक सेवा-निवृत्त जज एस. अब्दुल नजीर को सरकार ने आंध्र प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त कर दिया है। इस नियुक्ति पर विपक्ष हंगामा कर रहा है। उसका कहना है कि जजों को फुसलाने का यह सबसे अच्छा तरीका है। पहले उनसे अपने पक्ष में फैसला करवाओ और फिर पुरस्कार स्वरूप उन्हें राज्यपाल, राजदूत या राज्यसभा का सदस्य बनवा दो। जो विपक्ष मोदी पर यह आरोप लगा रहा है, क्या उसने अपने पिछले कारनामों पर नजर डाली है? इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के जमाने के कई राज्यपालों, राजदूतों और सांसदों से मेरा परिचय रहा है, जो पहले या तो जज या नौकरशाह या संपादक रहे हैं। उन्होंने जज या संपादक या नौकरशाह के तौर पर सरकार को उपकृत किया है तो सरकार ने उन्हें उक्त पद देकर पुरस्कृत किया है। वे लोग समझते



रहे हैं कि वह पुरस्कार पाकर वे सम्मानित हुए हैं लेकिन उनके अपमान का इससे बड़ा प्रमाण-पत्र क्या हो सकता है?

यदि उन्होंने अदालत में बिल्कुल ठीक-ठाक फैसला दिया है, यदि उन्होंने निष्पक्ष और निर्भीक संपादकीय लिखे हैं और यदि किसी नौकरशाह ने निष्ठापूर्वक अपना कर्तव्य--कर्म किया है तो भी ये सरकारी पुरस्कार पाने वालों की ईमानदारी पर लोगों को शक होने लगता है। यह शक तब और भी तगड़ा हो जाता है,

यदि वह पुरस्कार तुरंत मिला हो। ऐसे पुरस्कारों और सम्मानों से संसदीय लोकतंत्र की मयार्दा भंग होती है, क्योंकि, न्यायपालिका और कार्यपालिका को अपनी लक्ष्मण-रेखाओं में ही रहना चाहिए और खबरपालिका को तो अपने प्रति और भी ज्यादा सख्ती बरतना चाहिए। यदि संपादक और पत्रकार इन पदों और सम्मानों के लिए लार टपकाते रहे तो वे पत्रकारिता क्या खाक करेंगे? मेरे कई पत्रकार मित्र विभिन्न सरकारों में मंत्री, राजदूत, और प्रधानमंत्रियों के सरकारी सलाहकार भी बने।

उनमें से कइयों ने सराहनीय कार्य भी किए लेकिन इस तरह के कई सरकारी पद विभिन्न प्रधानमंत्रियों द्वारा पिछले 60-65 साल में मुझे कई बार प्रस्तावित किए गए लेकिन मेरा दिल कभी नहीं माना कि मैं हाँ कर दूं। इसका अर्थ यह नहीं है कि संपादकों, जजों और नौकरशाहों की प्रतिभा से सरकारें लाभ न उठाएं। जरूर उठाएं लेकिन उनके सेवा-निवृत्त होते ही उन्हें यदि नियुक्तियां मिलती हैं तो उससे यह साबित होता है कि सरकार उनकी प्रतिभा का लाभ उठाने की बजाय उन्होंने सरकार की जो खुशामद की है, वह उसका लाभ उन्हें दे रही है। इससे दाता और पाता, दोनों की प्रतिष्ठा पर आंच आती है। तो होना क्या चाहिए? होना यह चाहिए कि अपने पद से सेवा-निवृत्त होने के बाद पांच साल तक किसी भी जज, पत्रकार और नौकरशाह को कोई सरकारी पद या पार्टी-पद नहीं दिया जाना चाहिए। नौकरशाहों पर पहले दो साल की पाबंदी थी लेकिन उसे घटाकर अब एक साल कर दिया गया है। वर्तमान में कितने ही नौकरशाह मंत्री और राज्यपाल बने हुए हैं? यह हमारी पार्टियों और सरकारों के बौद्धिक दिवालिएपन का भी सूचक है।

## सार्वजनिक क्षेत्र के संरक्षण की अहमियत

**- सत्यम पाण्डेय**

भारत जैसे देशों में 'सार्वजनिक क्षेत्र' का कोई विकल्प नहीं है और उसे हर हाल में बचाए रखना होगा। यह सिर्फ आर्थिक विकास और सम्पन्नता का उपकरण भर नहीं है, बल्कि इसे आजादी की लड़ाई के सपने, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय तथा गरिमा के माध्यम की तरह भी देखा जाना चाहिए। बेशक यह आलोचना के परे नहीं है, इसकी चुनौतियां भी बहुत हैं और उन पर भी बात की जानी चाहिए।

बीसवीं शताब्दी के अंतिम दशक में दुनिया भर में 'नई आर्थिक नीतियों' की शुरूआत हुई और 'भूमंडलीकरण', 'उदारीकरण' और 'निजीकरण' शब्द पहली बार लोकप्रिय होते दिखाई दिए। पूरी दुनिया में इन नीतियों के सफलतापूर्वक प्रसारित हो जाने और मान्यता हासिल कर लेने के पीछे आम तौर पर सोवियत संघ के पराभव को माना जाता है। सोवियत संघ के रहते दुनिया एक-ध्रुवीय नहीं हो सकती थी और न ही इस तरह की आर्थिक नीतियां बिना किसी प्रतिरोध के वैश्विक संस्थाओं द्वारा लागू कराई जा सकती थीं। हालांकि ऐसा नहीं है कि कोई विरोध हुआ ही नहीं हो। भारत में ही आश्चर्यजनक रूप से वामपंथी और दक्षिणपंथी दोनों ही विचारों की राजनैतिक पार्टियों ने इन नीतियों का अपने-अपने तरीके से प्रतिरोध किया था। 'स्वदेशी जागरण मंच' के अभियान हम लोगों की स्मृतियों में हैं ही। यह अलग बात है कि उसी विचारधारा के लोग आज सत्ता में हैं और स्वदेशी की अवधारणा को 'प्रत्यक्ष विदेशी निवेश' की लहर में पूरी तरह से भुला दिया गया है।

## फटाफट खबरें

### मत्स्यगयेन्द्रनाथ-कोठी तालाब स्थित शिव मन्दिर में जलाभिषेक कर लोगों ने मनाया महाशिवरात्रि पर्व, शिव बारात का जगह-जगह फूलों की वर्षा कर हुआ स्वागत





**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मन्दाकिनी किनारे रामघाट स्थित मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर में महाशिवरात्रि पर्व पर सवेरे से भक्तों का जमावडा लग गया। श्रद्धालु मन्दाकिनी में स्नान कर मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर में जलाभिषेक को लम्बी कतारों में खडे रहे। सुरक्षा की नजर से एलआईयू टीम संदिग्ध स्थानों पर जांच करती देखी गई।

शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व पर राजधिराज मत्स्यगयेन्द्रनाथ सरकार की बारात शाम चार बजे धूमधाम से निकली। जबलपुर के बैंड, हाथी-घोडे के साथ बारात में तमाम श्रद्धालु शामिल रहे। मन्दिर के पुजारी विपिन बिहारी ने बताया कि परम्परागत ढंग से भोलेनाथ की बारात निमोर्ही अखाडा, टैम्पो स्टैण्ड, जयपुरिया तिराहा से होते हुए पुराने सीतापुर मार्ग से रामघाट आई। इस बारात में मप्र, छत्तिसगढ, राजस्थान तक के श्रद्धालु आये। बारात का जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया।

मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर में महाशिवरात्रि पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। क्षेत्र के चर गांव के सोमनाथ मन्दिर में भी तमाम श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर मन्नत मांगी। भोलेनाथ के दयालु होने के चलते श्रद्धालुओं की भारी भीड सवेरे से डटी रही। शहर में भी शिव भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ शिव बारात व शोभा यात्रा निकाली। बारातियों का स्वागत ठंडई, भांग पिलाकर किया। शोभायात्रा में भगवान भोले की झांकी आकर्षण का केन्द रही। धतुरहा चैराहे में दिनेश धतुरहा, अखिलेश, जितेन्द्र आदि भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ शिव बारात लेकर स्टेशन रोड होते हुए पेट्रोल पम्प पहुंचे। तहसीलदार राकेश कुमार पाठक के साथ दरोगा प्रवीण कुमार सिंह मय पुलिस बल के मौजूद रहे। जलाभिषेक शान्तिपूर्ण ढंग से शाम तक चलता रहा। शहर के बीचोबीच स्थित कोठी तालाब के ऐतिहासिक शिव मन्दिर में भी लोगों ने जलाभिषेक किया। पूर्व पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने इस शिव मन्दिर में जलाभिषेक कर रुद्राभिषेक भी किया। उन्होंने तालाब के बीचोबीच स्थित शिव मन्दिर में लोगों के आवागमन को बांसों का एक रास्ता भी बनवाया था।

### अवॉर्ड टीम ने मानिकपुर सीएचसी का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर सीएचसी का भारत सरकार कायाकल्प अवॉर्ड की टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान टीम ने हॉस्पिटल में साफ-सफाई व मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

शनिवार को भारत सरकार ने कायाकल्प अवॉर्ड योजना के तहत 12 बजे डॉक्टरों की तीन सदस्यीय टीम ने मानिकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। टीम में आए डॉ सुनील सिंह, डॉ एहतराम व डॉ प्रमोद ने जेएसवाई, ऑपरेशन थियेटर, चिकित्सा अधिकारी कक्ष, औषधि वितरण कक्ष, एक्सरे रूम, लिपिक कक्ष, परामर्शदाता कक्ष, इमरजेंसी इंजेक्शन वार्ड का निरीक्षण किया।

भर्ती वार्ड प्रसूताओं के लिए बन रहे खाने की व्यवस्था व सीएचसी परिसर में साफ-सफाई, कर्मचारियों की उपस्थिति डॉक्टरों की उपस्थिति एवं औषधि भंडार कक्ष का निरीक्षण किया। टीम के निरीक्षण के दौरान कई जगह मिली कमियों को संबंधित को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिये हैं।

टीम ने बताया कि कायाकल्प चेक लिस्ट की रिपोर्ट लखनऊ में शामिल की जायेगी। परसेंटेज के आधार पर संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को पुरुस्कृत भी किया जाएगा। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ अजय चैधरी, डॉ आशुतोष झा, डॉ पुष्पेंद्र, डॉ मीना चैरसिया, फार्मासिस्ट मनोज मिश्रा, त्रिभुवन सिंह, सलमान, जगमोहन, अवध मिश्रा, सुनील, गोपी लाल, आशीष, जय सिंह, स्टाफ नर्स, साधना, ममता, आरती के साथ सीएचसी के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### आईडी हैक कर जारी किया जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** विकासखंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत गोयडी की पोर्टल पर आईडी व पासवर्ड हैक कर किसी अज्ञात व्यक्ति ने बड़ी संख्या कूट रचित व फर्जी तरीके से वर्ष 2021-22 में जन्म प्रमाण पत्र तथा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर लिया है।ग्राम पंचायत के तत्कालीन सचिव रंजीत कुमार ने उच्च अधिकारियों समेत जिले के साइबर क्राइम थाने को लिखे शिकायती पत्र में आईडी हैक कर फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ विधिक कार्यवाही करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। सचिव ने बताया कि पोर्टल पर ग्राम पंचायत गोयडी की आईडी व पासवर्ड को हैक कर 3700 जन्म प्रमाण पत्र व 184 मृत्यु प्रमाण पत्र कुल मिलाकर 3884 प्रमाण पत्र किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कूट रचित जारी किया है जो की पूरी तरह से फर्जी है।जिसकी जांच कर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कराने की मांग किया है।सचिव ने शिकायती पत्र में जारी हुए फर्जी प्रमाण पत्रों की सूची व ग्राम प्रधान का प्रमाण पत्र भी उच्च अधिकारियों को संलग्न कर प्रेषित किया है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की नगर पंचायत सुचितागंज के कटरौली रेलवे ट्रैक पर शव पड़े रहने की सूचना पर सुबह निकले ग्रामीणों ने इसकी सूचना रौनाही पुलिस को दी स सूचना पर पहुंची रौनाही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी स इस संबंध में पूछे जाने पर रौनाही थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर मिले शव की पहचान अजय कुमार पुत्र विशाल शुक्ला उम्र लगभग 37 वर्ष निवासी बखतार शुक्ल का पुरवा थाना खंडासा के रूप में हुई है स घरवालों को सूचना दे दी गई है स शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# सूबे के सीएम उप्र को बना रहे सर्वोत्तम प्रदेशः नरेन्द्र कश्यप

## निवेशकों से बनेगा उत्तम प्रदेश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पिछडा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री/प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की मौजूदगी में कहा कि प्रदेश में तीन दिवसीय यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट दस फरवरी को प्रधानमंत्री ने शुभारम्भ किया था। 12 फरवरी को राष्ट्रपति ने समापन कर चित्रकूट जिले में उद्यमियों को प्रोत्साहित किया था।




शनिवार को सीतापुर स्थित भजन-संध्या स्थल पर सूबे के राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि तीन दिवसीय समिट में देखने को मिला कि भारत वर्ष जी-20 की अध्यक्षता प्रधानमंत्री पहली बार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में 25 हजार से ज्यादा लोगों ने समिट में हिस्सा लिया था। 41 देशों के लगभग एक हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। सूबे की 25 करोड जनता के प्रदेश को मुख्यमंत्री ने सर्वोत्तम प्रदेश बनाने का कार्य कर रहे हैं। भगवान राम की तपोस्थली में किसान उद्यमी समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। देश विश्व पटल पर शक्तिशाली देश बनने की ओर बढ रहा है। अन्तिम पायदान के व्यक्ति तक विकास कैसे पहुंचे। लोगों को रोजगार मुहैया कराकर बेरोजगारी दूर करने के प्रयास किये जा रहे हैं। चित्रकूट बहुत बडा हब बन रहा है। बांदा-चित्रकूट में उद्योग की अपार सम्भावनायें हैं। यहां होटल, लाज बन सकते हैं। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की सरकार में मार्च-अप्रैल में एयरपोर्ट शुरू हो जायेगा। अयोध्या चित्रकूट मुख्यमंत्री के दो मुख्य केन्द्र हैं। जिनका विकास मुख्यमंत्री की अगुवाई में हो रहा है। चित्रकूट में भी व्यापार की अपार सम्भावनायें हैं। यहां पर निवेशक निवेश करें तथा लोगों को रोजगार दें। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने अतिथियों का आभार जताया। संचालन जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय के गोपाल मिश्रा ने किया। समिट में शामिल हुए निवेशक योगेश जैन, संजय अग्रवाल, फूलचन्द्र कुशवाहा ने भी उद्योग लगाने के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, भाजपा नेता नरेंद्र गुप्ता, देव त्रिपाठी, हरिओम करवरिया, अश्वनी अवस्थी, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी, सुनील द्विवेदी, अरुण गुप्ता, राहुल गुप्ता, अंकित पहाड़िया आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, अपर उप जिलाधिकारी राम जन्म यादव, क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केशरवानी, पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, उपनिदेशक कृषि राजकुमार समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने पैदल गश्त कर जांची सुरक्षा व्यवस्था

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शान्ति सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रामघाट का भ्रमण कर ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिये।



शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला तीर्थक्षेत्र के रामघाट पहुंचीं। यहां से वह पैदल गश्त करती हुई विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण दौरान ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। चेताया कि कोई हादसा नहीं होना चाहिए। ड्यूटी दौरान सभी पुलिस कर्मी चैकन्ने रहें।

इसी क्रम में एलआईयू, डाग स्क्वायड की संयुक्त टीम ने महाशिवरात्रि पर्व व रामायण मेला के मद्देनजर संदिग्ध लोगों व वस्तुओं की जांच की। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू अनुज मिश्रा की देखरेख में डाग स्क्वायड एवं एलआईयू की संयुक्त टीम ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शान्ति सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रामघाट व रामायण मेला परिसर में सघन जांच की।

# निखत के फोन में मिले इंटरनेशनल कनेक्शन

## जेल से विदेश में बात करता था अब्बास अंसारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अब्बास अंसारी की पत्नी निखत ने रिमांड के दूसरे दिन पुलिस लाइन में सुबह चाय-नाश्ते के बाद दस बजे से फिर से उससे पूंछताछ शुरू हुई। निखत के ड्राइवर नियाज को भी रिमांड पर लिया गया है। कुछ देर दोनों से अलग-अलग कमरों में पूंछताछ की गई। इसके बाद दोनों को सामने बैठाकर पूंछताछ की गई। पहले दिन जांच टीम ने निखत के दोनों फोन के पासवर्ड लिए थे। इसमें से कई अहम चीजें टीम को मिली थीं।



शनिवार को टीम ने उन्हीं प्वाइंट्स को कवर करते हुए निखत से आगे की पूंछताछ शुरू की। बताया जा रहा है निखत के फोन में 2-3 इंटरनेशनल नंबर मिले हैं। इनके सही नाम निखत पुलिस को नहीं बता रही है। इन नंबरों पर काफी देर तक बात की गई है। पुलिस अब्बास का फंडिग का कनेक्शन निकालने की कोशिश कर रही है। पुलिस को शक है कि अब्बास को दूसरे देशों से सपोर्ट मिल रहा था। वह जेल से विदेशों में बात करता था। निखत जेल से जुड़ी बातों का तो सही जवाब दे रही है, लेकिन फोन के मामले में वह टीम को घुमा रही है। बताया जा रहा है इंटरनेशनल नंबर को लेकर निखत का कहना है, ये उसके दोस्तों के नंबर हैं। उनका इससे कुछ लेना देना नहीं है।

यह भी बताया जा रहा है कि निखत के फोन में कई सारे अकाउंट की डिटेल मिली है। इनमें दूसरे देशों में भी पैसे भेजे गए हैं। निखत उन ट्रांजेक्शन के बारे में भी सही जवाब नहीं दे रही है। निखत ये भी नहीं बता रही है कि जेल के अंदर उसकी किससे बात होती थी। पूंछताछ में एक बात सामने आई है। इसमें बताया जा रहा है कि निखत ने लाखों रुपए खर्च कर जेल की विजिट प्लान की थी। इसमें चार लाख रुपए को लेकर कुछ विवाद भी हुआ था।

निखत के ड्राइवर ने जेल के अंदर पूरा सिस्टम कैसे सेट किया, इसकी जानकारी ली जा रही है। वह किसकी गाड़ी प्रयोग करता था। किराए का घर लेने से पहले वह निखत को कहां रुकवाता था। निखत से चित्रकूट में कौन-कौन मिलता था। वह जेल के अलावा कहां-कहां जाती थी। इन सारे सवालों का जवाब पुलिस निकालने की कोशिश कर रही है।

ये भी बताया जा रहा है कि निखत पूंछताछ के दौरान काफी परेशान रहती है। वह चाय के साथ बस बिस्किट खाकर पूरा दिन काट रही है। रात में वह सोई भी नहीं है। निखत बार-बार सिर में दर्द होने की बात कह रही है।

# फार्मासिस्टों के बहाल न होने पर होगा आन्दोलन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने एमसीएच बिंग अस्पताल खोह में चीफ फार्मासिस्ट महेन्द्र सिंह पटेल को भावभीनी विदाई दी।

शनिवार को विदाई समारोह की अध्यक्षता चीफ फार्मासिस्ट/जिला संरक्षक राधेश्याम सिंह ने किया। बतौर मुख्य अतिथि प्रान्तीय महामंत्री उमेश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि अपर मुख्य चिकित्साधिकारी इम्तियाज अहमद, पीसीआई अध्यक्ष शंकर सिंह पटेल, प्रांतीय उपाध्यक्ष अवनेंद्र बहादुर सिंह, डीपीआर अध्यक्ष महेन्द्र सिंह मौजूद रहे। डीपीए फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सिंह, मंत्री फूल सिंह ने रिटायर चीफ फार्मासिस्ट महेन्द्र सिंह पटेल को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

जिला संरक्षक चीफ फार्मासिस्ट राधेश्याम सिंह ने फार्मासिस्टों की समस्याओं पर विस्तार से जानकारी प्रांतीय महामंत्री उमेश मिश्रा को दी। बताया कि हाल में दो निलंबित निर्दोष फार्मासिस्ट को बहाल कराने की मांग उठाई। कहा कि फार्मासिस्टों को उचित न्याय न मिलने पर डीपीए फार्मासिस्ट एसोसिएशन आन्दोलन को बाध्य होगा। कोषाध्यक्ष राम अग्रवाल, धर्मेन्द्र मिश्रा, बलराज सिंह, अरविन्द सिंह, दिलीप पटेल, वीरेंद्र पाण्डेय, वैजनाथ पटेल, अनिल सिंह, सुरेश पटेल, इन्द्रराज यादव, नागेश सिंह, मनोज सिंह, फार्मासिस्ट देवेन्द्र सिंह, जिले के सभी फार्मासिस्ट मौजूद रहे।

### तीरधुमाई गंगू बालू खदान माफिया पर नहीं लग रहा अंकुश, खनन माफियाओं पर नाकाफी है अंकुश, सिंडीकेट से जुड़े लोगों पर कार्रवाई न होने से राजस्व की होती रहेगी क्षति



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में तीरधुमाई गंगू बालू खदान में खनन माफियाओं की पौबारह है। डीएम अभिषेक आनन्द के निर्देश का भी बालू माफियाओं पर कोई असर नहीं हो रहा है। खनन माफिया तिरपाल के नीचे ओवरलोडिंग का खेल खेल रहा है। जिला खनिज अधिकारी व एसडीएम एक जगह खनन बन्द कराते हैं तो माफिया चार अन्य जगहों पर और तेजी से खनन शुरू कर देते हैं। ये सब इलाका पुलिस की मिलीभगत से हो रहा है।

शनिवार को जिले में बालू खनन का जिला खनिज विभाग से तीरधुमाई गंगू घाट का पट्टा है। पट्टे से ज्यादा क्षेत्रफल में खनन माफिया खनन कार्य कर रहा है। ओवरलोडिंग का खेल खनन माफिया बालू लदे ट्रकों में तिरपाल लगाकर ढुलान करा रहा है। एकाध लोग बालू डम्प का परमिट अवश्य लिये हैं, लेकिन जिले में जिस तरह से अन्धाधुंध खनन कर राजस्व को क्षति पहुंचाई जा रही है। उससे जाहिर है कि यहां की कानून व्यवस्था माफियाओं के हाथ में है। माफियाओं के इशारे पर वह सब गोरख धन्धा दिनरात हो रहा है, जिससे गरीब किसान व सामान्य लोग प्रभावित हो रहे हैं।

बालू खनन माफिया पुलिस से साठगांठ कर धड़ल्ले से जेसीबी व पोकलैण्ड मशीनों से खनन कार्य करा रहे हैं। तीरधुमाई गंगू घाट में सर्वाधिक अवैध खनन की शिकायत मिल रही हैं। शिकायत के बाद भी खनन माफिया पर कोई अंकुश नहीं लग रहा है।

ग्रामीणों के विरोध पर खनन माफिया जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। तीरधुमाई गंगू घाट के खनन माफियाओं पर जल्द कानूनी शिकंजा कसा जाये, ताकि अन्य बालू खनन माफियाओं को सबक मिल सके।

### बिजली बिल बकाये में कनेक्शन काटने पर हमला

**अयोध्या।** अभियान के तहत बकाया बिजली बिल की वसूली को निकले टीम पर शुक्रवार की दोपहर कैंट थाना क्षेत्र के ताजपुर कोड़रा में हमला किया गया। हमले में संविदा कर्मियों को चोटे आई हैं। अधिकारियों के साथ थाने पहुंच पीड़ित संविदा कर्मियों ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के लिए शिकायत पुलिस को सौंपी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में संविदा कर्मी प्रेम प्रकाश, जगप्रसाद, सूरज श्रीवास्तव व धर्मेंद्र का आरोप है कि अधिकारियों के निर्देश पर वह राजस्व वसूली कर रहे थे। सभी जब्बार अहमद के घर के पास खड़े थे तभी बकाये के चलते पूर्व में काटे गए कनेक्शन के चलते मो. अशफाक उर्फ कल्लू, उनके पुत्र मो. अरबान उर्फ राजा, मो. सैफ अली, मो. अफजल, अख्तरी बानो ने लाठी-डंडा, फरसा-बल्लम से लैस होकर गाली-गलौज शुरू कर दी और हमला बोल दिया। हमले में प्रेम प्रकाश व जगप्रसाद को सिर एवं हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं। ग्रामीणों के दौड़ने पर हमलावर भाग निकले। वहीं दूसरे पक्ष ने टीम पर मारपीट व मोबाइल तोड़ने का आरोप लगाया है। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि एक पक्ष की शिकायत कैंट पुलिस को मिली है। शिकायत दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई का दिया गया है।

### मांगो को लेकर मनरेगा मजूदरों ने किया प्रदर्शन

**अयोध्या।** मनरेगा मजदूर कल्याण मिशन अयोध्या इकाई के पदाधिकारियों ने सिविल लाइन तहसील स्थित तिकोनिया पार्क में अपनी कई मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जिलाध्यक्ष अशफीर्लाल वर्मा के नेतृत्व में 2 दर्जन से अधिक कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया।

## नेपाल के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले देशों की संख्या 178 तक पहुंच गई

**काठमांडू।** नेपाल और मलावी गणराज्य के बीच राजनयिक संबंध स्थापित होने के साथ नेपाल के राजनयिक संबंध वाले देशों की संख्या 178 हो गई है। संयुक्त राष्ट्र में नेपाल के राजदूत, स्थायी प्रतिनिधि अमृत बहादुर राय और संयुक्त राष्ट्र में मलावी गणराज्य के राजदूत, स्थायी प्रतिनिधि एग्नेस मैरी चिंबिरी-मोलांडे ने नेपाल के स्थायी मिशन में एक संक्षिप्त समारोह में एक संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर किए। संयुक्त राष्ट्र में नेपाल के स्थायी मिशन के अनुसार, दोनों राजदूतों ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के बारे में सूचित करते हुए एक संयुक्त पत्र पर हस्ताक्षर किए। उस अवसर पर, दोनों राजदूतों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए सामान्य हित के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। वे समूह के सामान्य हितों की रक्षा और बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों में एक समूह के रूप में कार्य करते हैं। नेपाल अगले महीने मलावी से एलडीसी के वैश्विक समन्वय ब्यूरो के अध्यक्ष की भूमिका ग्रहण कर रहा है।



## वैश्विक आतंकी संगठन बने रहेंगे हिजबुल मुजाहिदीन और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान

**वाशिंगटन।** हिजबुल मुजाहिदीन और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान वैश्विक आतंकी संगठन बने रहेंगे। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन के मुताबिक इस बाबत हुई समीक्षा में इन आतंकी संगठनों के दर्जे में बदलाव का कोई आधार नहीं मिला है। जानकारी के मुताबिक विदेशी आतंकी संगठनों के दर्जे को लेकर हुई विशेष समीक्षा बैठक में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, हिजबुल मुजाहिदीन और आर्मी ऑफ इस्लाम जैसे आतंकी संगठनों के दर्जे में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया गया। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने बताया कि प्रशासनिक दस्तावेजों की समीक्षा और अटॉर्नी जनरल व वित्त मंत्री से सलाह के बाद यह फैसला किया गया है। वैश्विक आतंकी संगठन घोषित होने के बाद आतंकी संगठनों को धन जुटाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को एक सितंबर 2010 को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया गया था। साथ ही इसके नेताओं हकीमुल्ला महसूद और वली उर रहमान को वैश्विक आतंकी घोषित किया गया था। पाकिस्तानी तालिबान के नाम से भी जाने जाने वाला तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान कई शाखाओं वाला आतंकी संगठन है। यह अफगानिस्तान- पाकिस्तान की सीमा से संचालित होता है। साल 2007 में बनाए गए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान की विचारधारा अफगान तालिबान से मिलती है। वहीं, पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन भी एक वैश्विक आतंकी संगठन है। हिजबुल मुजाहिदीन को अमेरिका, कनाडा, भारत और यूरोपीय यूनियन ने वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया हुआ है।

## Taiwan में Chinese गुब्बारा मिलाः ताइवानी रक्षा मंत्रालय

**ताईपे।** दुनिया के कई देशों में चीन द्वारा संदिग्ध जासूसी गुब्बारे भेजे जाने के अमेरिका के आरोपों के बीच ताइवान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि एक चीनी गुब्बारा उसके एक द्वीप पर मिला है। मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि गुब्बारे में चीन के ताइयुआन शहर में एक सरकारी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी का पंजीकृत उपकरण हैं। उसने बताया कि यह गुब्बारा मत्सु द्वीप के तुंगयिन में चीन के फुजियान प्रांत के तट के पास मिला। गृहयुद्ध के बीच 1949 में चीन से अलग होने के बाद ताइवान ने द्वीपों पर अपना नियंत्रण बनाए रखा और यदि चीन ताइवान को अपने अधीन लाने के लिए हमला करता है, तो ऐसा माना जाता है कि ये द्वीप पहली रक्षा पंक्ति का काम करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि रिपोर्ट में जिस 'ताइयुआन वायरसेल (रेडियो) फर्स्ट फैक्ट्री लिमिटेड' की पहचान की गई है, उसके एक प्रवक्ता लियू ने फोन पर बताया कि कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मुहैया कराए थे, लेकिन उसने गुब्बारा नहीं बनाया।

प्रवक्ता ने केवल अपना उपनाम बताया। लियू ने कहा कि ताइयुआन चीन के मौसम विज्ञान प्रशासन को उपकरण मुहैया कराने वाली कंपनियों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह गुब्बारा संभवत- मौसम की निगरानी के लिए रोजाना छोड़े जाने वाले गुब्बारों का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि इसे शियामेन से छोड़ा गया होगा और इसका मार्ग निर्धारित नहीं किया गया होगा। लियू ने कहा कि 30,000 मीटर की अधिकतम ऊंचाई तक पहुंचने के कारण इसकी हवा संभवत- प्राकृतिक रूप सेनिकली।

## सूरीनाम में बढ़ती महंगाई का विरोध, सड़कों पर उतरे लोग, संसद पर भी हमला

**–पुलिस पर पत्थर व आग के गोले बरसाए, जगह-जगह आगजनी**

**पैरामारिबो।** सूरीनाम में बढ़ती महंगाई का विरोध उग्र रूप ले रहा है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि से भड़के हजारों लोग सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने सूरीनाम की संसद पर भी हमला कर दिया। जानकारी के मुताबिक सूरीनाम में लगातार बढ़ती महंगाई, कानून-व्यवस्था के लिए मुसीबत बन गयी है। गुस्साए लोगों ने संसद भवन पर हमला कर पुलिस पर पत्थर व आग के गोले बरसाए। भारी संख्या में लोग संसद परिसर के भीतर घुस गए



और पुलिस द्वारा चलाए गए आंसू व गैस के गोलों का भी सामना किया। कुछ अन्य इलाकों में गुस्साई भीड़ ने कई दुकानों व गाड़ियों में आग लगा दी। दुकानों से लूटपाट भी की गयी। दरअसल सूरीनाम में महंगाई तेजी से बढ़ रही है। बेरोजगारी से लोग परेशान हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतें सातवें आसमान पर पहुंच गयी हैं। लगातार बढ़ती महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ रखी है। यह गुस्सा अब सड़कों पर उतरकर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के रूप में सामने आ रहा है। सूरीनाम के राष्ट्रपति चैन संतोखी की सरकार ने संसद पर हुए हमले की निंदा की है। राष्ट्रपति ने हमला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है। उन्होंने संसद पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की।

## टॉप अमेरिकी सीनेटर बोले : चीन को पछाड़ने के लिए अमेरिका, यूरोप को भारत जैसे देशों की है जरूरत

**काठमांडू।** अमेरिका के शीर्ष सीनेटर चक शूमर ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि चीन को टक्कर देने के लिए अमेरिका और यूरोप को भारत जैसे देशों की जरूरत है। शूमर ने कहा कि तेजी से आक्रामक चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के सामने लोकतांत्रिक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी देशों को मिलकर काम करने की जरूरत है। वार्षिक म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में यूरोपीय लोगों और अंतर्राष्ट्रीय नेताओं को शूमर ने बताया कि वह अगले सप्ताह भारत में सीनेटरों के एक शक्तिशाली द्विदलीय समूह का नेतृत्व कर रहे हैं।

**सीनेटर ने और क्या-क्या कहा?**

शूमर ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में कहा, 'हमें यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ काम करना चाहिए कि एक तेजी से आक्रामक चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के सामने लोकतांत्रिक अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था विघटित न हो। यह काम केवल अमेरिका और यूरोप का नहीं है। हमें भारत जैसे देशों की आवश्यकता है, जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। भारत के अंदर वह क्षमता है कि वह एशिया में रहते हुए चीन को मजबूती से टक्कर दे सकता है।' शूमर ने आगे कहा, 'मैं भारत की यात्रा करूंगा और उन्हें वही संदेश दूंगा जो हम इस उभरते खतरे का मुकाबला करने के लिए चाहते हैं। मैं यूरोप से भी ऐसा करने का आग्रह करता हूं।

## क्रिकेट की चर्चा संग भारत-ऑस्ट्रेलिया में रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर जोर

**–ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से मिले भारतीय विदेश मंत्री**

**सिडनी।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ऑस्ट्रेलिया के प्रवास पर पहुंच गए हैं। वहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज से मुलाकात की है। इस दौरान क्रिकेट की चर्चा के साथ भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात की कई तस्वीरें साझा करते हुए भारतीय विदेश मंत्री ने ट्वीट किया है कि सुबह सिडनी के किरींबिल्ली हाउस में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात कर प्रसन्नता हुई। उन्हें भारतीय प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी का व्यक्तिगत शुभकामना संदेश दिया। इस दौरान हुई चर्चा में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। भारतीय विदेश मंत्री ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने के लिए दोनों देशों की ओर से किये जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच क्रिकेट पर भी चर्चा हुई। इसके लिए ट्वीट कर भारतीय विदेश मंत्री ने कहा, और हां, हमने क्रिकेट पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच हिंद प्रशांत महासागर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सहयोग को बढ़ाने पर भी चर्चा हुइ भारतीय विदेश मंत्री ने रायसीनाञ्चसिडनी बिजनेस ब्रेकफास्ट को संबोधित किया। यह आयोजन पहली बार ऑस्ट्रेलिया में हो रहा है। आयोजन में जुटे लोगों को संबोधित करते हुए भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय वातावरण में एक जैसे विचार वाले देशों को मिलकर काम करना होगा। इससे अर्थव्यवस्थाओं पर मंडराते खतरे कम होंगे। उन्होंने डिजिटल दुनिया की चुनौतियों का मिलकर सामना करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के स्थायित्व के लिए मिलकर काम करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में भारत और ऑस्ट्रेलिया एक गंभीर साझेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। इसके लिए सभी सहयोगियों की प्रशंसा की जानी चाहिए।

## महाशिवरात्रि पर पशुपतिनाथ मंदिर में उमड़ी लाखों श्रद्धालुओं की भीड़

**काठमांडू।** महाशिवरात्रि के मौके पर पशुपतिनाथ में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सुबह तीन बजे से ही पशुपतिनाथ के चारों कपाट खोल दिए गए हैं। पशुपतिनाथ में उत्सव का माहौल है। इस मौके पर हर साल मंदिर परिसर में विशेष सजावट की जाती है। श्रद्धालु पूजन सामग्री लेकर दर्शन के लिए जाते नजर आ रहे हैं। पशुपतिनाथ विकास कोष के कोषाध्यक्ष नारायण सुबेदी ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रबंधन की व्यवस्था की गयी है। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता डीआईजी पोशराज पोखरेल ने बताया कि सुरक्षा के लिए 35 सौ पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। उनका अनुमान है कि सुबह आठ



बजे तक पांच लाख से अधिक श्रद्धालु ने पशुपतिनाथ के दर्शन किए। फाल्गुन की कृष्ण चतुर्दशी को पड़ने वाली महाशिवरात्रि का एक विशेष सांस्कृतिक महत्व है। पशुपतिनाथ क्षेत्र में देश-विदेश के साधु-संतों और भक्तों की खासी उपस्थिति रहती है। भीड़ को देखते हुए काठमांडू घाटी ट्रैफिक पुलिस डिवीजन पहले ही एक प्रेस नोट के जरिए सूचित कर चुकी है कि वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा।

## तुर्किये भूकंप के मलबे में दबीं 3 जिंदगियां 11 दिन बाद सुरक्षित निकलीं

**अंकारा।** तुर्किये में विनाशकारी भूकंप के बाद 11 दिन बाद भी एक 14 साल के बच्चे समेत दो लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। यह किसी चमत्कार की तरह ही है कि मलबे में 11 दिन भी कोई जिंदा है। राहत एवं बचाव दल ने 14 वर्षीय उस्मान को सुरक्षित बचाने के बाद दो अन्य लोगों को बचाया है। तुर्किये और सीरिया में 6 फरवरी को आये भीषण भूकंप के बाद भारी तबाही हुई है। भूकंप के 260 घंटे बाद बचाए गए उस्मान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। तुर्किये और सीरिया में विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्या 41 हजार के पार पहुंच गई है। फिलहाल राहत एवं बचाव कार्य जारी है। बचावकर्मी अभी भी मलबे के ढेर में जिंदगियों की तलाश में जुटे हुए हैं। तुर्किये के स्वास्थ्य मंत्री फहार्टिन कोका ने ट्वीट कर



उस्मान के सुरक्षित बचाए जाने की जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 14 वर्षीय उस्मान 260 घंटे बाद फिर से हमारे साथ है। वर्तमान में उनका हटे मुस्तफा केमल विश्वविद्यालय अस्पताल में इलाज चल रहा है। मैं बच्चे के साथ मौजूद हूं। स्वास्थ्य मंत्री ने उस्मान की तस्वीर भी साझा की। रिपोर्ट के मुताबिक, तुर्किये के हाटे प्रांत में गुरुवार की रात को बचावकर्मियों ने दो और लोगों को मलबे से बाहर निकाला। दरअसल, खोज एवं बचाव दल ने अंटाक्या में मलबे के नीचे 26 वर्षीय मेहमत अली और 34 वर्षीय मुस्तफा अवसी को दबा हुआ पाया। इन दोनों की सांस चल रही थी। ऐसे में बचावकर्मियों ने तत्काल प्रभाव से दोनों को मलबे से रेस्क्यू किया। स्वास्थ्य मंत्री ने एक अन्य ट्वीट में बताया कि भाई मेहमत अली हमारे दूसरे नागरिक हैं, जिन्हें 261 घंटे बाद मलबे से रेस्क्यू किया गया। उनका फील्ड अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया और फिर उन्हें मुस्तफा केमल विश्वविद्यालय अस्पताल में शिफ्ट किया गया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

## माओवादियों के जनयुद्ध दिवस को अवकाश कैलेंडर में शामिल करेगी नेपाल सरकार

**काठमांडू।** नेपाल की पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' के नेतृत्व वाली सरकार ने माओवादियों के जन युद्ध दिवस को कैलेंडर में शामिल करके सार्वजनिक अवकाश रखने का फैसला लिया है। सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार के इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसी तरह नेपाल सरकार ने हर साल पृथ्वी जयंती पर सार्वजनिक छुट्टी देने का फैसला लिया है। यह दिन नेपाल को एक करने वाले राजा पृथ्वी नारायण शाह के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। इसलिए इसे भी अवकाश कैलेंडर में शामिल किया जाएगा। विक्रम संवत 2052 साल फागुन 1 की बात है,जब माओवादियों ने अपनी सशस्त्र गतिविधियां शुरू की थीं। वह इस दिन को पीपुल्स वार डे के रूप में मनाते थे। इस साल इस दिन सार्वजनिक अवकाश रखने का भी फैसला किया गया था, जिसका विपक्ष ने विरोध किया था। सरकार के एक सदस्य राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने कैबिनेट का बहिष्कार भी किया था। आंकड़ों के अनुसार माओवादियों की सशस्त्र गतिविधियों के दौरान 17 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं। गणतंत्र की स्थापना के लिए माओवादियों की सशस्त्र गतिविधियों के बाद संविधान सभा के माध्यम से नेपाल में हिंदू राज्य और राजशाही को समाप्त कर दिया गया था।

## कराची में 4 घंटे चला ऑपरेशन, 3 आतंकियों समेत 6 की मौत

- **ऑपरेशन में एक पुलिसकर्मी सहित तीन लोगों की मौत, 11 लोग घायल हुए**
- **कराची पुलिस मुख्यालय पर हुए हमले में शामिल थे आठ से 10 आतंकी**

शरई फैसल के सदर पुलिस स्टेशन के पास स्थित पुलिस



मुख्यालय में घुसे इन आतंकियों के पास भारी विस्फोटक और हथियार थे, जिनसे ये लगातार हमला कर रहे थे। फायरिंग होने पर वहां मौजूद सुरक्षा बल के जवान मोर्चा संभालते हुए वहां मौजूद लोगों को सुरक्षित निकालने की कवायद में जुट गए। पाकिस्तानी रेंजर्स और पुलिस कमांडो ने लगातार जवाबी कार्रवाई करके पुलिस मुख्यालय की कई मंजिलों से लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने कहा कि शाम करीब 7:10 बजे हमला होने के बाद प्रांतीय सरकार ने यह कहते हुए सेना से मदद मांगी थी कि शहर के पुलिस प्रमुख कराची में नहीं है। उन्होंने संबंधित क्षेत्र के डीआईजी को हमले में शामिल आतंकियों को गिरफ्तार करने के निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस मुख्यालय पर हमला किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। शाह ने कहा कि करीब 4 घंटे तक चले ऑपरेशन में पांच मंजिला इमारत को साफ कर दिया गया है। पास में ही पाकिस्तानी एयरफोर्स का फैसल बेस सहित कई रणनीतिक प्रतिष्ठान भी हैं। सिंध रेंजर्स के एक प्रवक्ता ने कहा कि हमला करने वालों में आठ से दस सशस्त्र आतंकवादी थे। प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवाद विरोधी बल के एक ब्रिगेडियर के नेतृत्व में ऑपरेशन चलाया गया। कराची पुलिस मुख्यालय में घुसे इन आतंकियों के पास हैंड ग्रेनेड और ऑटोमैटिक गन थे। ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान रेंजर्स और पुलिसबलों ने एआईजी ऑफिस के पास इलाके को चारों ओर से घेर लिया था। इसके अलावा सिंध पुलिस और पाकिस्तान रेंजर्स को भारी संख्या में केपीओ के पास तैनात किया गया था।

सिंध की प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता मुर्तजा वहाब ने कहा कि हमलावरों को चारों ओर से घेरने के लिए जिले की सभी मोबाइल वैन को तुरंत मौके पर बुला लिया गया। क्विक रिस्पॉन्स फोर्स (क्यूआरएफ) घटनास्थल पर पहुंचा और इलाके को चारों ओर से घेर लिया। करीब 4 घंटे तक चले ऑपरेशन में 3 आतंकियों समेत 6 लोगों की मौत हुई है। ऑपरेशन में तीन आतंकियों के अलावा एक पुलिसकर्मी सहित तीन लोगों की भी मौत हुई है, जबकि 11 लोग घायल हुए हैं।

दरअसल, पाकिस्तान का प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान एक अलग समूह है, लेकिन अफगानिस्तान में तालिबान के सहयोगी हैं। इसी समूह ने एक साल से अधिक समय पहले अमेरिका और नाटो सैनिकों के पीछे हटने के बाद वहां सत्ता पर कब्जा कर लिया था। अफगानिस्तान में तालिबान के अधिग्रहण ने पाकिस्तानी आतंकियों का हौसला बढ़ाया है, जिनके शीर्ष नेता और लड़ाके सीमा पार छिपे हुए हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन को बचाने के लिए चीन हुआ सक्रिय

**काठमांडू।** नेपाल में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के मुद्दे पर संकट के बादलों से घिरी पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को बचाने के लिए चीन सक्रिय हो गया है। सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दल सीपीएन यूएमएल के वरिष्ठ नेता केपी शर्मा ओली को मनाने के लिए चीनी राजदूत चेन सोंग ने बालकोट स्थित उनके आवास पर मुलाकात की।

चीनी राजदूत के मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने भी ओली से उनके आवास पर मुलाकात की। ओली के साथ दो घंटे की बैठक के बाद



'प्रचंड' ने जवाब दिया कि गठबंधन नहीं टूटेगा। हालांकि चीनी राजदूत से मिलने से पहले ओली अपने रुख पर अड़े रहे लेकिन अब उनका भी रुख नरम पड़ गया है। दरअसल, ओली और प्रचंड के बीच सहमति बनी थी कि सीपीएन यूएमएल को अध्यक्ष और स्पीकर पद मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले जब ओली और प्रचंड के बीच विवाद बढ़ा था तो चीन ने सुलह की पहल की थी। तत्कालीन सीपीएन के विभाजन से पहले ही चीनी अधिकारी ओली और प्रचंड को एक समझौते पर लाने के लिए आए थे। दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों के नेताओं के चीन के साथ घनिष्ठ संबंध रहे हैं। नेपाल में नौ मार्च को राष्ट्रपति चुनाव और 17 मार्च को उपराष्ट्रपति का चुनाव होना है।

## तुर्किये में विनाशकारी भूकंप के बीच मदद की आस में पहुंचे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने जताई संवेदना

**इस्लामाबाद।** तुर्किये में 6 फरवरी को आए विनाशकारी भूकंप के बीच पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ गुरुवार को तुर्किये पहुंचे। एक तरफ पूरा तुर्किये इस महाआपदा से कराह रहा है। मरने वालों की संख्या 41 हजार से अधिक हो चुकी है। लाखों घर तबाह हो चुके हैं। डेढ़ करोड़ से अधिक लोग सीधे तौर प्रभावित हुए हैं। ऐसे में राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन द्वारा पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के स्वागत पर सवाल उठने लगे हैं। माना जा रहा है कि इस आपदा के समय में पाकिस्तान का स्वागत परमाणु तकनीक के लालच में तुर्किये कर रहा है। इस बीच गुरुवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन से मुलाकात कर भूकंप से हुए नुकसान और जान गंवाने वालों के प्रति पाकिस्तान की तरफ से संवेदनाएं व्यक्त कीं। एक हफ्ता पहले अंकारा ने शहबाज की यात्रा रद्द कर दी थी।

एर्दोगन से मिलने के बाद शहबाज शरीफ ने कहा, 'मैंने उन्हें तुर्की के लिए हमारे दृढ़ समर्थन का आश्वासन दिया है। मुझे भरोसा है कि एर्दोगन के नेतृत्व में तुर्की इस आपदा से मजबूती से बाहर आएगा।' शहबाज दो दिवसीय यात्रा पर तुर्किये आए हैं। पाकिस्तान और तुर्किये पुराने दोस्त हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जब-जब पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ जहर उगला है, उसे तुर्किये का समर्थन मिला है। पाकिस्तान में सत्ता के शीर्ष पर चाहे इमरान हों या शहबाज, तुर्किये से उनकी 'पक्की दोस्ती' रही है लेकिन इस दोस्ती के पीछे अंकारा का एक बड़ा लालच छिपा हुआ है। साल 2021 में ही विशेषज्ञों ने चेतावनी दे दी थी कि पाकिस्तान तुर्किये को परमाणु बम और मिसाइल बनाने की तकनीक दे रहा है। पश्चिमी देशों के सैन्य गठबंधन नाटो में शामिल तुर्किये लंबे समय से पाकिस्तान के साथ मिलकर परमाणु हथियार हासिल करना चाहता है।